53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 Web : muzaffarnagarbulletin.co.in यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 22.2°c अधिकतम 32.8 °c

**अमृतवाणी**

जो नसीब में होगा वो चलकर आएगा और जो नहीं है, वो आकर भी चला जाएगा।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

अपने परिवार का विकास चाहने वालों को सबका साथ-सबका विकास स्वीकार्य नहीं है : योगी



सूर्योदय - 5:47, सूर्यास्त - 6:48 वर्ष : 53/ अंक : 108 रविवार, 20 अप्रैल 2025 वैशाख, कृष्ण पक्ष, सप्तमी सम्वत् 2082 मूल्य 3 रुपये कुल पृष्ठ-4

जिसने जैसा देखा सीखा.... उसने वैसे कर्म किए.......

# हथियारों की तस्करी करने वाले 11 तस्करों को किया गिरफ्तार





गिरफ्तार होने के बाद भी हथियारों की तस्करी करने वाले शर्मिन्दा नहीं थे बल्कि मूंछों पर तांव देकर जेल जाते दिखाई दिये।

**मुजफ्फरनगर, 19 अप्रैल (बु.)।** खालापार पुलिस को शनिवार को बड़ी सफलता हाथ लगी, जिसमें पुलिस लाईन में प्रेस वार्ता करते हुए एस पी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि शुक्रवार को खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान को सूचना मिली कि अन्तर्राजयीय हथियारों की सप्लाई करने वाला गिरोह पिस्टल डिलीवरी करने के लिए शामली फ्लाईओवर अण्डर पास के नीचे कुछ देर में आने वाला है। मौके पर तुरन्त पुलिस पहुंची और घेराबंदी कराकर 11 तस्करों को दबोच लिया। तस्करों की कार की तलाशी लेने पर उनसे मध्यप्रदेश निर्मित 8 पिस्टल, बेराटा मॉडल की, 3 तमंचे तथा 11 मोबाइल बरामद हुए। पुलिस को उनके पास से एक बाईक भी बरामद हुई। पुलिस ने हथियार तस्कर वीशू निवासी सरधना, रोहित व रोबिन निवासी कंकरखेड़ा मेरठ, विशाल निवासी सरधना, प्रमोद निवासी मेरठ, विवेक, करण निवासी सहारनपुर, कबीर निवासी सैठपुरी भोकरहेड़ी थाना भोपा, उजैफ निवासी लाल मौहम्मद खतौली, जितेन्द्र निवासी रतनपुरी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पकड़े गये तस्करों का पूछताछ के बाद चालान काट दिया है।

## जानिए किन-किन राज्यों में था, तस्करों का पिस्टल सप्लाई का धंधा

**मुजफ्फरनगर।** खालापार पुलिस द्वारा पकड़े गये 11 तस्करों का छोटा-मोटा नेटवर्क नहीं था। इस गिरोह का नेटवर्क एक ओर जहां मध्यप्रदेश से राजस्थान तक फैला हुआ था, वहीं मुजफ्फरनगर के आसपास के ईलाकों में भी उनका शामली-सहारनपुर-मुजफ्फरनगर खूब माल सप्लाई होता था। उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त हरियाणा, उत्तराखण्ड, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली व मध्यप्रदेश के लोगों को ये लोग बड़ी संख्या में पिस्टल सप्लाई कर चुके हैं। एस पी सिटी सत्यनारायण प्रजापत का बताना है कि पुलिस उनसे मिले 11 मोबाइलों में कॉल डिटेल खंगालने का काम कर रही है, जल्द ही गिरोह के अन्य सदस्यों को भी कॉल डिटेल के आधार पर पकड़ा जा सकता है।

## डकैती व हत्या के भी मुकदमे हैं तस्करों पर दर्ज

**मुजफ्फरनगर।** एस पी सिटी ने यह भी जानकारी दी कि गिरोह का सरगना विशाल अपने साथियों के साथ मिलकर बुलन्दशहर में डकैती की घटना को अंजाम दे चुका है, जिसे पुलिस डकैती के मामलों में भेज चुकी है, गिरोह में शामिल रोहित द्वारा एक व रोबिन द्वारा 2 हत्याएं की जा चुकी हैं, ये भी मेरठ जेल में रहे हैं। वहीं सरगना विशाल के भाई को मुजफ्फरनगर शहर कोतवाली पुलिस ने नकली नोटों के मामले में गिरफ्तार किया था। पकड़े गए बदमाशों पर अन्य कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## गिरोह का सरगना है विशाल, सभी गौतस्कर हैं पक्के दोस्त

मुजफ्फरनगर। एस पी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि गिरोह में शामिल सभी बदमाशों में गहरी दोस्ती है और वे पुलिस से बचने के लिए अलग-अलग अपना-अपना काम करते हैं। गिरोह में शामिल बदमाशों ने अपने कामों को बांट रखा है। इनका सरगना विशाल है। एक ओर विशाल व्हाट्सअप पर हथियारों के पोस्ट भेजकर प्रमोद, उजैफ व कबीर के माध्यम से ऑनलाईन बुकिंग कराता है, वहीं मध्य प्रदेश से बेराटा मॉडल पिस्टल खरीदकर लाने का काम जितेन्द्र, रोहित, रोबिन व विवेक करते हैं। पूछताछ में पकड़े गये तस्करों ने बताया पिस्टल खरीदकर बेचने में उन्हें प्रति पिस्टल पर 30,000 रूपये का मुनाफा मिलता है, वे 70,000 में पिस्टल खरीदकर 10,0000 रूपये में बेचते थे।

# चाट बाजार हटा, तो पूरा शहर कर देंगे साफ : टिकैत



**मुजफ्फरनगर, 19 अप्रैल (बु.)।** पिछले एक सप्ताह से टाउन हॉल के बाहर खड़े होने वाले चाट बाजार के व्यापारियों ने हिन्दू संगठनों के बाद अब जिला प्रशासन व नगर पालिका पर दबाव बनाने के लिए शनिवार को टिकैत को अपने आन्दोलन के साथ जोड़ लिया। इससे पहले भी भाकियू के जिलाध्यक्ष नवीन राठी ने चाट बाजार को समर्थन देने की घोषणा की थी, उसके बाद आज शनिवार को टिकैत धरना स्थल पर पहुंचे और उक्त आन्दोलन के समर्थन में बोलते हुए उन्होंने कहा कि लम्बे समय से जो चाट बाजार जहां लगा था, वहीं लगेगा। गरीब लोग जैसे-कैसे ठेला लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं, ऐसे में इनको यहां से एकदम हटाया जाना ठीक नहीं है। उनका कहना था कि यदि नगर पालिका या प्रशासन ने ज्यादा जिदबंदी की तो फिर यदि चाट बाजार यहां से खत्म हुआ तो पूरे शहर का इसी तरह सफाया होगा यानि पूरे शहर से अतिक्रमण हटाया जायेगा। उन्होंने कहा कि भाकियू के पूर्व जिलाध्यक्ष विरेन्द्र सिंह कुतुबपुर के कार्यकाल में इस चाटबाजार को सजवाया गया था आज जब यह चाट बाजार पूरी तरह से आबाद हो चुका है, तो उसे उजड़ने नहीं दिया जायेगा। अब भाकियू और नगर पालिका की सीधी टक्कर में किसकी जीत, किसकी हार होती है, यह देखने वाली बात बाकी रह गयी है। एक तरफ रोज शाम को लगने वाले चौपाटी बाजार से शाम से रात तक जाम की स्थिति बनी रहती है वहीं दूसरी ओर वर्षों से अपने परिवार का पेट पाल रहे चाट बाजार के परिवारों पर आर्थिक संकट के बादल गहराए हुए हैं। ऐसे में अब इस समस्या का क्या समाधान निकलेगा, यह जद्दोजहद लगातार जारी है। इस दौरान ईश

शेष : पृष्ठ-4 पर

# चालक की हत्या कर ससुर-दामाद ने शव ईंख के खेतों में दबाया

## सिर्फ ई-रिक्शा के लालच में कर दी 25 वर्षीय युवक की हत्या



**मुजफ्फरनगर, 19 अप्रैल (बु.)।** विगत् 15 अप्रैल को नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के कमलनगर के रहने वाले 25 वर्षीय शुभम् को घर से 2 लोग अपने साथ भोपा थाना क्षेत्र के बिहारीगढ़ ले गए थे, तभी से शुभम् लापता था। शुक्रवार को नई मण्डी कोतवाली पुलिस ने सचिन निवासी कूकड़ा को हिरासत में लकर सख्ती से पूछताछ की, तो उसने कबूल किया कि वह अपने ससुर प्रवीण निवासी गांधीनगर के साथ शुभम् को बिहारीगढ़ ले गया था, जहाँ उन्होंने मोरना में शराब खरीदी और एकसाथ बैठकर पी। शराब पिलाने के बाद आरोपियों ने शुभम् पाल की गला दबाकर हत्या कर दी, जिसके बाद हत्या का पता न लगे शव को ककराला के जंगल में ईंख के खेतों में दबा दिया। सचिन की गिरफ्तारी के बाद पुलिस उसकी निशानदेही पर उसे ककराला ले गई, जहाँ शव को बरामद कर लिया गया। आरोपी सचिन ने कबूल किया कि ई-रिक्शा के लालच में उन्होंने 25 वर्षीय शुभम् पाल की हत्या की। अभी फरार अरोपी ससुर की तलाश की जा रही है।

## मोदी दो दिवसीय यात्रा पर सऊदी अरब जाएंगे

**नयी दिल्ली, 19 अप्रैल (वार्ता)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस एवं प्रधानमंत्री प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के निमंत्रण पर 22-23 अप्रैल को दो दिवसीय सऊदी अरब की यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2016 और 2019 के बाद प्रधानमंत्री की सऊदी अरब की यह तीसरी यात्रा होगी। यह यात्रा सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस एवं प्रधानमंत्री की सितंबर 2023 में जी 20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने और भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद की पहली बैठक की सह-अध्यक्षता के लिए नई दिल्ली की राजकीय यात्रा के बाद की गई है।

# दूसरा निकाह करने पर पहली ने काटा हंगामा

**मुजफ्फरनगर, 19 अप्रैल (बु.)।** कलेक्ट्रेट परिसर में उस समय हंगामा हो गया, जब एक महिला ने अपने पति पर मारपीट करने व उसको तलाक दिए बिना दूसरी लड़की से निकाह कर लेने का आरोप लगाया। जैसे ही पीड़ित महिला को इसकी जानकारी मिली, तो उसने वकील के चैंबर में जाकर जमकर हंगामा काटा। दरअसल पीड़ित भोपा निवासी गुलशन की शादी 14 साल पहले फुरकान गांव बिहारी निवासी भोपा के साथ हुआ था, जिसकी एक 13 साल की बच्ची भी है। इन दोनों के बीच विवाद हुआ, तो पीड़ित गुलशन अपने घर चली गई, जिनमें पिछले 3 साल से कोर्ट में मुकदमेबाजी चलती आ रही है। आज जब फुरकान कोर्ट की तारीख पर कचहरी पहुंचा, तो उसका सामना पहली पत्नी गुलशन से हुआ और दोनों के बीच मारपीट हुई, गुलशन की माने तो उसके द्वारा इसकी जानकारी डायल 112 पर कॉल करके दी गई, लेकिन वकीलों के द्वारा उसको अपने चैंबर में ही छुपा लिया गया। पीड़ित गुलशन को मौके पर पहुंची देख पुलिस ने विवाद बढ़ते, पीड़िता को थाने में लिखित तहरीर देने की बात कहकर वहां से भेज दिया, तब जाकर कचहरी में माहौल शांत हुआ, खबर लिखे जाने तक पीड़ित की तरफ से थाना सिविल लाइन में कोई भी तहरीर नहीं दी गई थी।














# पुरकाजी में अवैध कालोनियों पर गरजा एसडीएम का बुलडोजर

**पुरकाजी, 19 अप्रैल (बु.)।** कस्बे में जंगल की भूमि में बगैर वैध परमिशन लिये लगभग आधा दर्जन अवैध कॉलोनी पर प्रशासन ने जेसीबी चलाकर अवैध निर्माण को तोड़ कोलोनाइजरों को चेतावनी दी गई। एसडीएम सदर निकिता शर्मा के नेतृत्व मे शनिवार में हुई कार्यवाही सें कालोनी काट रे लोगो एवं डीलरों मे हंडकम्म मच गया। एसडीएम ने नायब तहसीलदार अमित कुमार व पुरकाजी थाना प्रभारी समेत पुलिसबल व तहसील के कर्मचारी साथ लेकर सबसे पहले धमात रोड पर तालाब के पास बन रही अवैध कॉलोनी पर पहुंचे और जेसीबी चलाकर किए गए प्लाट की नींव को उखाड़ दिया गया। ग्राम सेठपुरा एवं श्यामपुरा तथा बिजलीघर के सामने कई अवैध कॉलोनियों पर प्रशासन ने कार्यवाही की, जिससे हडकंप मच गया। एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने बताया कि उक्त कालोनी बिना जिला पंचायत की परमिशन के काटी जा रही थी, जो अवैध है, बिना परमिशन के जो भी कॉलोनी बनाई जाएगी, उसको तोड़ा जायेगा। उन्होंने कस्बेवासियों से कहा कि बिना परमिशन की जो अवैध कॉलोनी है, इसकी सूचना प्रशासन को दें, ताकि प्रशासन अवैध कालोनी पर रोक लगा सके। एसडीएम निकिता शर्मा ने बताया कि इस तरीके की अन्य कॉलोनी पर भी प्रशासन का रुख साफ है और अवैध कालोनियां पर अंकुश लगाकर इन्हे धवस्त किया जायेगा। इस मौके पर नायब तहसीलदार अमित कुमार, कानूगो किसन चंद, पटवारी किसन पाल एवं प्रदीप कुमार सहित थाना प्रभारी जयवीर सिंह सहित भारी पुलिस प्रशासन मौजूद रहे।

# सहकारी बैंकों के सभापति ने तहसीलदार पर लगाए गंभीर आरोप

## - डीएम ने खुद की मौके पर जाकर जांच



**बुढ़ाना, 19 अप्रैल (बु.)।** संपूर्ण समाधान दिवस में बुढ़ाना तहसील में पहुंचे डीएम उमेश मिश्रा को भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने घेर लिया, तब उन्होंने भ्रष्टाचार की शिकायत पर तहसीलदार न्यायालय और उनके कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों को समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। संपूर्ण समाधान दिवस में 68 शिकायतें आई, जिनमें से 08 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार जिला अधिकारी उमेश मिश्रा शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में बुढ़ाना तहसील परिसर में पहुंचे। यहां पर काफी किसानों की खतौनी में हिस्से में गड़बड़ी, नाम तथा विरासत में गलतियों की समस्या को लेकर जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन ठाकुर रामनाथ सिंह दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ तहसील मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने डीएम को बताया कि तहसील में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। किसानों का खूब शोषण हो रहा है। राजस्व विभाग की गलती का खामियाजा यहां किसान भुगतने लग रहे हैं। खतौनी के हिस्से में गड़बड़ी और नाम में गलतियां ठीक करवाने के लिए किसानों को 15 हजार रुपये से लेकर 20 हजार रुपए तक सुविधा शुल्क देना पड़ता है। तहसीलदार कार्यालय में कई-कई माह से फाईलें पड़ी हुई हैं, जिस फाइल में पैसे नहीं जाते उसका निस्तारण नहीं होता है। ग्रामीणों की शिकायत पर जिला अधिकारी तुरंत तहसीलदार न्यायालय और कार्यालय पहुंचे। उन्होंने फाइलों का निरीक्षण किया। जिला अधिकारी ने बुढ़ाना तहसीलदार को विभिन्न निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों को उनकी समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। गांव खरड निवासी आधा दर्जन दुकानदारों नवनीत मलिक आदि ने शिकायत करते हुए कहा कि उनके गांव में मंडी समिति की दुकाने बनी हुई हैं। कुछ दबंग ग्रामीणों द्वारा अवैध रूप से दुकान के अंदर गोबर के उपले बनाए जा रहे हैं। दुकानदारों ने जिलाधिकारी को फोटो दिखाते हुए दुकान कब्जा मुक्त करवाने की मांग की। संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया, एसडीएम राजकुमार भारती, सीओ गजेंद्र पाल सिंह व तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव सहित करीब सभी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम दरबार में लगाई गांव बिलासपुर के लोगों ने गुहार

**मुजफ्फरनगर, 19 अप्रैल (बु.)।** नई मंडी थाना क्षेत्र के गांव बिलासुपर के दर्जनों ग्रामीणों ने शनिवार को डीएम दरबार में पहुंच कुछ लोगों पर सरकारी भूमि के साथ नाले को बंद कराते हुए उस पर रास्ता बनाए जाने का आरोप लगाया। डीएम के नाम प्रशासन को सौंपे शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने सरकारी नाले पर बनाए जाने वाले रास्ते को रोकने के साथ दोषियों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कराए जाने की मांग की। शनिवार को नई मंडी थाना क्षेत्र के गांव बिलासुपर के दर्जनों ग्रामीणों ने बिजेन्द्र व पवित्र पाल आदि के नेतृत्व में डीएम दरबार में पहुंच खसरा नंबर 628/1 की भूमि की आड़ में सरकारी नाले को बंद कर रास्ता बनाने का आरोप लगाया। वहीं यहां पर अवैध रूप से कॉलोनी काटने के साथ नाले की मेढ़ तोड़कर रास्ता बनाए जाने का आरोप लगाते हुए उक्त लोगों पर कार्रवाई कराए जाने की मांग की। जिला प्रशासन से मिले ग्रामीणों ने उक्त लोगों पर सरकारी भूमि के साथ नाले को बंद कराते हुए उस पर रास्ता बनाने जाने के गंभीर आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई कराए जाने की मांग की। इस दौरान मुख्य रूप से नत्थन सिंह, नरेन्द्र दलमीर सिंह समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# मौसम ने बिगाड़ दिया विद्युत विभाग का गणित, जिले में लाखों का नुकसान

## - जिले में 70 से अधिक बिजलीघर हुए प्रभावित, गुल रही बिजली



**मुजफ्फरनगर, 19 अप्रैल (बु.)।** मौसम विभाग के जारी अलर्ट के बीच आंधी और बारिश के कारण शुक्रवार रात्रि में शहर और गांव-देहात क्षेत्र की बिजली आपूर्ति प्रभावित रही, जिसे ठीक कराने में अफसरों को पसीने छूटे रहे, तब जाकर आपूर्ति सुचारू हो सकी। आंधी-तूफान की जद में आने से बीती रात्रि में करीब 70 से अधिक बिजलीघरों में ब्रेकडाउन, फाल्ट आदि के कारण आपूर्ति रात भर प्रभावित रही। बेपटरी हुई व्यवस्था के बीच मखियाली रुडकी रोड, भोपा रोड, बधाई कलां, नरा, जानसठ रोड बडकली, रोहाना, मेरठ रोड समेत कई स्थानों पर बिजली की लाइन के ऊपर पेड व पेडों की डालिया टूटकर गिर गई। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर 12 से अधिक बिजली के पोल टूटकर गिरे है। इस दौरान पॉवर कारपोरेशन को करीब दो से तीन लाख रुपए का नुकसान हुआ है। शुक्रवार की रात्रि में अचानक मौसम खराब हो जाने और जनपद में धूल भरी आंधी के साथ बारिश ने पूरे जनपद की बिजली सप्लाई ठप कर दी। ऐसे में विभिन्न स्थानों पर हाईटेंशन लाइन पर पेड़ों की डालियां टूटकर गिरने से फाल्ट, ब्रेकडाउन हो गया। रात्रि में शहर और देहात क्षेत्र की सप्लाई गायब रही। मौसम सहीं होने पर देर रात्रि तक विद्युत विभाग के अफसरों द्वारा बिजली आपूर्ति को सहीं करने का प्रयास किया गया। सुबह करीब चार बजे तक आधे शहर की आपूर्ति सहीं हो पायी। वहीं मिमलाना रोड, टाउन हाल रोड, शामली रोड, रुडकी रोड प्रथम एवं द्वितीय, मंडी समिति, गांधी कॉलोनी, महावीर चौक, नुमाईश कैम्प जानसठ रोड, पचेंडा रोड, टीपीनगर आदि बिजलीघरों से आपूर्ति प्रभावित रही। उधर इस सम्बन्ध में मुख्य अभियंता विद्युत पवन अग्रवाल ने बताया कि मखियाली के पास लाइन पर पेड़ गिर गया। रुड़की रोड़ पर लाइन के ऊपर दूसरी लाइन टूटकर गिर गई। इसके अलावा कई स्थानों पर बिजली के तार व 12 से अधिक बिजली के पोल टूटे है। रात्रि में करीब 3 बजे तक काम करते हुए काफी हद तक सप्लाई को चालू कराया गया है। अब सभी स्थानों की सप्लाई चालू हो चुकी है।

## मेरठ में नशे में धुत बस चालक ने मासूम बच्चे को कुचला

**मेरठ, 19 अप्रैल (एजेंसी)।** नौचंदी थाना क्षेत्र के हापुड़ अड्डे के पास तेज रफ्तार रोडवेज बस ने मां के साथ जा रहे सात साल के बच्चे को कुचल दिया। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर फरार हो गया। बच्चे को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है। मेडिकल थाना क्षेत्र के डिग्गी निवासी संजीदा की शादी बुलंदशहर के चांदपुर गांव निवासी मौसम अली से हुई थी। संजीदा अपने मायके आई थी। वह बेटे युसुफ के साथ ब्रह्मपुरी क्षेत्र के तारापुरी में रिश्तेदारी में गई थी। लौटते समय हापुड़ अड्डे पर सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बालक को टक्कर मार दी। इसके बाद चालक ने बस नहीं रोकी। उसके पैर को कुचल दिया। शोर मचने पर आरोपी चालक बस छोड़कर फरार हो गया। महिला संजीदा ने आरोप लगाया कि बस चालक नशे में था। इशारा करने के बाद भी उसने बस नहीं रोकी। सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी ने बताया कि आरोपी चालक को तलाश किया जा रहा है। परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## युवक ने आशिकी में खाया जहर



**बुढ़ाना, 19 अप्रैल (बु.)।** एक नवयुवक ने अपनी प्रेमिका की किसी बात पर क्षुब्ध होकर घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया, जिसमें नवयुवक को गंभीर हालत में मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की सफीपुरपट्टी निवासी एक नवयुवक ने शनिवार के दिन अपनी प्रेमिका की किसी बात से क्षुब्ध होकर घर पर आकर घर में रखी किसी कीटनाशक दवाई का चुपचाप सेवन कर लिया। कुछ देर बाद हालत बिगड़ने पर परिजनों में हड़कंप मच गया और उन्होंने आनन-फानन में नवयुवक को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने नवयुवक को मेरठ के लिए रैफर कर दिया। घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को दे दी गयी है। परिजनों में घटना को लेकर चीख-पुकार मची है। नवयुवक किस बात पर अपनी प्रेमिका से अप्रसन्न हुआ यह पता नहीं चल पाया था।

## गैंगस्टर में वांछित 3 महिलाओं समेत 5 जेल भेजे

**बुढ़ाना, 19 अप्रैल (बु.)।** फुगाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रही तीन महिलाओं और दो पुरुषों को जेल भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार एसपी ग्रामीण आदित्य बंसल के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी फुगाना सुश्री ऋषिका सिंह के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष फुगाना गजेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में आज शनिवार के दिन फुगाना पुलिस द्वारा गैंगस्टर के अभियोग में वांछित 03 अभियुक्ताओं सहित 05 अभियुक्तों को उनके मकान ग्राम जोगियाखेड़ा से गिरफ्तार किया गया है, जिनमें शोएब पुत्र शहीद, शादाब उर्फ आस मौहम्मद पुत्र सईद, शबनम उर्फ रानी पत्नी शादाब और तबस्सुम पत्नी शोएब और शहजादी पुत्री सईद निवासीगण जोगियाखेड़ा है। आरोपियों पर पहले से ही दो मामले दर्ज बताए गये हैं। इन सभी को पकड़ने वालों में मुख्य रुप से वरिष्ठ उप-निरीक्षक सतवीर सिंह, सब-इंस्पेक्टर महेन्द्र सिंह, सब इंस्पेक्टर मुहम्मद अली, सब इंस्पेक्टर राकेश कुमार, हैड कांस्टेबल रोहित चौहान, कांस्टेबल इमरत सिंह, कांस्टेबल अलबेल भाटी, कांस्टेबल योगेन्द्र सिंह, कांस्टेबल जैकी कुमार, महिला कांस्टेबल सोनम कुमारी, महिला कांस्टेबल रेखा कुमारी और महिला कांस्टेबल चांदनी रहे। सभी पांचों आरोपियों को फुगाना पुलिस ने लिखापढ़ी करने के बाद जेल भेज दिया है।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 19 अप्रैल, (बु.)।** गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- रसकट ढैया 1230-1250, चाकू 1400-1680, लड्डू 1525-1565, खुरपापाड़ 1400-1425, शक्कर मसाला 1530-1560, आमद- 4000 मन।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 19 अप्रैल, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 95300 | चांदी- | 97200 |
| सिक्का- | 11000 | गिन्नी- | 71030 |

# ये कैसी मोहब्बत? सास-दामाद के बाद बदायूं में 4 बच्चों को छोड़ समधी-समधन फरार



**बदायूं, 19 अप्रैल (एजेंसी)।** बदलते दौर के साथ मोहब्बत का मुकाम भी बदलता जा रहा है। पहले प्यार कितना खूबसूरत अहसास होता था, जिसे चाहो, उसे चुपके-चुपके याद करो और मुस्कुराते रहो, लेकिन आज के दौर में मोहब्बत 'लाल इश्क' से आगे बढ़कर 'फरार इश्क' हो चुकी है। मतलब, मोहब्बत के नाम पर तमाम ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जिन्हें जानकर न सिर्फ आप सिर पीट लेंगे, बल्कि हर गुजरते दिन के साथ ढहती सामाजिक मयार्दाओं पर शर्मिंदा हो जाएंगे। बीते दिनों अलीगढ़, मेरठ और बरेली से सामने आई घटनाओं के बाद अब मोहब्बत का स्टीकर चिपकाकर बदायूं में एक महिला अपनी बेटी के समधी के साथ फरार हो गई। घटना बदायूं के दातागंज की है। हैरानी की बात यह है कि 43 साल की महिला के चार बच्चे हैं। उसकी एक लड़की की शादी 2022 में हुई थी। उसी बेटी के ससुर और जिला मुख्यालय के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के निवासी अपने समधी 46 साल के शैलेंद्र के साथ महिला को प्यार हो गया और उसने साथ जीवन गुजारने का फैसला कर लिया। महिला का पति ट्रक ड्राइवर है, जो अक्सर बाहर रहता है। उसकी गैरमौजूदगी में पत्नी समधी को घर बुलाती थी। इसी बीच महिला का समधी से रिश्ता गहराता गया और दोनों ने साथ रहने का फैसला कर लिया। महिला के पति सुनील कुमार का कहना है कि वो ट्रक ड्राइवर है। इस कारण घर पर कम ही रहता है। पत्नी को जब भी जरूरत होती थी, पैसे भेज दिया करता था. मेरे पीठ पीछे पत्नी समधी शैलेंद्र उर्फ विल्लू को बुलाती थी। आरोपी रोडवेज बस का सरकारी ड्राइवर है। इस बार भी पत्नी ने समधी को बुलाया और उसके साथ फरार हो गई। पति का कहना है कि उसकी पत्नी पहले भी तीन बार समधी के साथ भाग चुकी है। इसके बाद भी पत्नी को घर में रखा, लेकिन, उसमें कोई सुधार नहीं हुआ। इसी बीच मुझे पत्नी के फिर से फरार होने की खबर मिली। वहीं इस घटना को लेकर महिला के बेटे का कहना है कि पिताजी घर पर ज्यादा नहीं रहते थे। हर तीसरे दिन मम्मी समधी को मिलने के लिए बुलाती थी और घर में उसी के साथ रहती थी। हम लोगों को दूसरे कमरे में भेज दिया जाता था। इसी बीच मम्मी अपने समधी के साथ ऑटो में बैठकर चली गई। महिला के पड़ोसियों ने बताया कि उसके समधी का आना-जाना लगा रहता था, लेकिन रिश्तेदार समझकर किसी ने आपत्ति नहीं जताई। वो रात को आता था और सुबह निकल जाता था। हमें तो यही लगता था रिश्तेदार है, क्या कहें।

## आपका आज का राशिफल

रविवार, 20 अप्रैल, 2025

**मेष-** ग्रहयोग बेहतर, आर्थक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, मंगल आयोजन सम्पादित परिवार में उल्लास का वातावरण।
**वृषभ-** दिनचर्या व्यवस्थित, आपसी गलतफहमी दूर, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, कार्य क्षमता में वृद्धि, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, परिवर्तन का कार्यक्रम।
**मिथुन-** वैचारिक अस्थिरता, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, दूसरों की सलाह अमान्य, दाम्पत्य जीवन असंतोषजनक, सुख-सुविधा का अभाव।
**कर्क-** लाभ का सुअवसर, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, आपके स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, मनो-विनोद के साधन सुलभ, उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास।
**सिंह-** कार्यसिद्धि का प्रयास सार्थक, कठिनाइयों का समापन, पठन-पाठन में अभिरुचि, परिवार में सुख-शांति का मार्ग प्रशस्त, किसी नवीन योजना की शुरूआत।
**कन्या-** नव उत्तरदायित्व की पूर्ति, आर्थिक पक्ष से सफलता, शत्रु परास्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, सुख के साधन उपलब्ध, आत्मिक शांति की अनुभूति, यात्रा भी।
**तुला-** आत्मविश्वास में कमी, व्यावसायिक असफलता, परिवार आपसी कलह, स्वजनों से अनबन, धन की क्षति, उत्तरदायित्व की पूर्ति में अड़चने, यात्रा में परेशानी सम्भव।
**वृश्चिक-** दिन बेहतर, उलझनों में कमी, नौकरी में पदोन्नति, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, मान-सम्मान में वृद्धि, नवसम्पर्क लाभ, खुशी।
**धनु-** निराशा का समापन, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, सुख के साधन सुलभ, धार्मिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, दूसरों के आश्वासनों से राहत, नव समाचार की प्राप्ति।
**मकर-** अभीष्ट कार्यों में सफलता का सुयोग, पारिवारिक हर्षोल्लास का वातावरण, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, इच्छा शक्ति जागृत, विवाद का समापन, खुशी भी।
**कुम्भ-** प्रियजनों-मित्रों से अनबन, वैवाहिक जीवन में आपसी मतभेद, व्यक्तिगत समस्याएं, ताल-मेल का अभाव, सुख के साधन में कमी, पठन-पाठन में अरुचि।
**मीन-** व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, परिजनों से अपेक्षित सहयोग, आपसी सौहार्द, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, शत्रु परास्त, प्रसन्नता भी।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# अखिलेश यादव का बीजेपी पर जोरदार प्रहार, कहा- जैसे फूलन देवी को मारा वैसे तुम्हें मारेंगे




**आगरा, 19 अप्रैल (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव आगरा दौरे पर सपा सांसद रामजीलाल सुमन से मिलने पहुंचे। उन्होंने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए हमले को साजिश बताया। संविधान और लोकतंत्र में विश्वास जताते हुए उन्होंने भाजपा पर दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यकों को डराने का आरोप लगाया। प्रयागराज और आगरा की हालिया घटनाओं का हवाला देते हुए उन्होंने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए और समाज में फैलाए जा रहे जहर की निंदा की। अखिलेश यादव (समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष) शनिवार को आगरा पहुंचे, जहां उन्होंने सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार की तीखी आलोचना की और दावा किया कि रामजी लाल के घर पर हमला भी साजिश के तहत किया गया। अखिलेश यादव ने देश के संविधान का जिक्र करते हुए कहा कि बाबासाहेब के संविधान और जो लोकतंत्र में हमें जो अधिकार मिले हैं, उनके तहत हम आगे बढ़ रहे हैं। हमें संविधान और कानून पर पूरा भरोसा है। जिन्होंने तलवार लहराई, जो बहुत सी तैयारियों के साथ आए, जिन्होंने गलियां दी हैं, वे आज भी सोशल मीडिया पर हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। हम लोग कानून मानने वाले हैं। भाजपा कानून को नहीं मानती। वह अधिकार को छीनने वाली है। सरकार पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों को डराना चाहती है, क्योंकि वह जानती है कि पीडीए की ताकत सपा के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि आज सामंतवादी और प्रभुत्ववादी लोगों को पता है कि उनकी सरकार है। मुझे गोली मारने की धमकी मिल रही है कि ह्यजैसे फूलन देवी को मारा वैसे तुम्हें मारेंगेह्न, आखिरकार कौन हैं इनके पीछे? भाजपा के लोग कुछ भी लिख सकते हैं, उन पर न एफआईआर होगी, न ही कोई कार्रवाई होगी। अखिलेश यादव ने कहा कि पुरानी सरकार में कहा जाता था यूपी पुलिस में केवल यादवों की भर्ती हुई है। ऐसी कई फर्जी खबरें चलाई जाती हैं। आज जो आंकड़े हैं वह खबर कहीं नहीं चल रही, आगरा में 48 थाने हैं जिनमें कोई बता सकता है कि कितने पीडीए हैं? मैनपुरी में 15 थाने हैं, उनमें 10 में सरकार के स्वजातीय लोग हैं, महोबा में 11 थाने हैं, छह में सिंह साहब लोग हैं। मनमानी का दौर अब नहीं चलेगा क्योंकि अब बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर का संविधान है, संविधान ही सर्वोपरि रहेगा, यह पहले भी था और आगे भी रहेगा।

## एडीएम ने जनता की शिकायतों को सुना



**जानसठ, 19 अप्रैल (बु.)।** तहसील जानसठ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें एडीएम गजेंद्र सिंह ने जनता की शिकायतों को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। दिवस में 45 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। शनिवार को तहसील के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम (वित्त) गजेंद्र सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मौके पर जाकर शिकायतों का समय पर निस्तारण करें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि शिकायतों में लापरवाही बरतने वाले संबंधित अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसडीएम जयेंद्र सिंह, तहसीलदार सतीश चंद बघेल, नायब तहसीलदार अजय कुमार, सीओ यतेंद्र नागर सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## ब्राह्मणों पर अनुराग कश्यप की टिप्पणी से विवाद, फिल्म निर्माता ने परिवार को धमकियां मिलने का किया दावा



**नई दिल्ली, 19 अप्रैल (एजेंसी)।** ब्राह्मण समुदाय के बारे में टिप्पणी को लेकर बड़ा विवाद खड़ा होने के बाद फिल्म निमार्ता अनुराग कश्यप ने दावा किया है कि उनके परिवार और दोस्तों को हत्या व बलात्कार की धमकियां मिल रही हैं। कश्यप ने एक सोशल मीडिया उपयोगकर्ता को जवाब देते हुए समुदाय के बारे में विवादित टिप्पणी की थी। शुक्रवार शाम को 52 वर्षीय फिल्म निर्माता ने इंस्टाग्राम पर एक बयान पोस्ट किया, जिसमें कहा गया है कि उनकी टिप्पणी को सही संदर्भ में नहीं लिया गया। कश्यप ने कहा कि मैं माफी मांगना चाहता हूं, मेरी पोस्ट के लिए नहीं बल्कि उस एक पंक्ति के लिए जिसका संदर्भ से हटकर अर्थ निकाला गया और जिससे नफरत फैल रही है। कोई भी बयान या हरकत ऐसी नहीं होती, जिनकी वजह से संस्कारों के ठेकेदार आपकी बेटी, परिवार, दोस्तों और सहकर्मियों को बलात्कार और हत्या की धमकियां दें। उन्होंने कहा कि मैंने जो कहा है, उससे पीछे नहीं हटूंगा। आप मुझे जितना गाली देना चाहें दे सकते हैं। मेरे परिवार ने कुछ नहीं कहा। अगर आप माफी चाहते हैं, तो ये लीजिए। इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक अन्य पोस्ट में कश्यप ने विवादास्पद टिप्पणी का स्क्रीनशॉट साझा किया। कश्यप समाज सुधारकों ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले पर आधारित फिल्म फुले की रिलीज को लेकर सोशल मीडिया पर सक्रिय रूप से पोस्ट कर रहे हैं। फिल्म में अभिनेता प्रतीक गांधी ने ज्योतिबा फुले और अभिनेत्री पत्रलेखा ने सावित्री बाई फुले की भूमिका निभाई है। फिल्म पिछले सप्ताह रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 10 अप्रैल को फुले का ट्रेलर ऑनलाइन रिलीज होने के बाद, ब्राह्मण समुदाय के कुछ सदस्यों ने यह कहते हुए आपत्ति जताई थी कि इसमें समुदाय को गलत तरीके से दिखाया गया है।


## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र देव्यांश चौधरी (Devyansh Choudhary) के जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण संख्या 11379 में दिव्यांश लिखा हुआ है जो कि गलत है। मेरे पुत्र का सही नाम देव्यांश चौधरी (Devyansh Choudhary) है। अत: मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में नाम दिव्यांश के स्थान पर देव्यांश चौधरी समझा व जाना जाए। सम्बंधित विभाग में आवेदन पत्र प्रस्तुत है।

दीपक कुमार
पुत्र भोपाल सिंह
निवासी- ग्राम सिंकदरपुर
ब्लाक मोरना, तहसील जानसठ
जनपद- मुजफ्फरनगर

## खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 इलाहाबाद बोर्ड की संस्थागत हाईस्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष- 2015 अनुक्रमांक 0580873 का प्रमाण-पत्र -सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

कुमारी शताक्षी मित्तल
(SHATAKSHI MITTAL)
पुत्री अमित मित्तल
365, कृष्णापुरी, खादरवाला, मुजफ्फरनगर

## खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं दिनांक 18/04/2025 शाम करीब 6:00 बजे जिला चिकित्सालय महिला, मुजफ्फरनगर से अपने आवास सुभाषनगर निकट शिव नगर, सरवट, गांधी कॉलोनी मुजफ्फरनगर ई-रिक्शा के माध्यम से अपने घर जा रही थी कि मेरा पर्स, जिसमें नकद रु. 5000/- दवाई व दो कोरे व एक हस्ताक्षरित चैक रखे थे कहीं रास्ते में गिर गये। जिसे मैंने काफी ढूंढने का प्रयास किया परन्तु उपरोक्त कहीं नहीं मिले। उक्त चैकों का किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उपयोग अवैध व अनुचित होगा।

दीपा शर्मा पत्नी श्री हरीश कुमार
सुभाषनगर निकट शिव नगर सरवट,
गांधी कालोनी, मुजफ्फरनगर
मो. 8439480312, 6344999382

## सूचना

मेरे पुत्र विराट पुण्डीर के जन्म रजिस्ट्रेशन संख्या 9377, दिनांक 27.08.2020 में गलती से माता का नाम राधा पुण्डीर अंकित कराया गया था। जबकि वास्तविक नाम राधा है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। उक्त संशोधन हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया जायेगा।

निवेदक Pawan Kumar Pundir पुत्र ब्रजपाल सिंह 950, रामपुरी, मुजफ्फरनगर, मो. 9719126069

## सूचना

मेरे पुत्र आरव पुण्डीर के जन्म रजिस्ट्रेशन संख्या 1541, दिनांक 13.02.2012 में गलती से पिता का नाम Pawan Pundir अंकित कराया गया था। जबकि वास्तविक नाम Pawan Kumar Pundir है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। उक्त संशोधन हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया जायेगा।

निवेदक Pawan Kumar Pundir पुत्र ब्रजपाल सिंह 950, रामपुरी, मुजफ्फरनगर मो. 9719126069

## सूचना

मेरी पुत्री आरूषि पुण्डीर के जन्म रजिस्ट्रेशन संख्या 8484, दिनांक 30.07.2013 में गलती से पिता का नाम Pawan Pundir व माता का नाम राधा पुण्डीर अंकित कराया गया था। जबकि वास्तविक नाम क्रमशः Pawan Kumar Pundir व राधा है। उक्त संशोधन हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया जायेगा।

निवेदक-Pawan Kumar Pundir पुत्र ब्रजपाल सिंह 950, रामपुरी, मुजफ्फरनगर मो. 9719126069


# बारात लेकर जा रहा था दूल्हा, अचानक रुकवाई कार, दौड़कर ट्रेन में चढ़ा, फिर अगले स्टेशन पर मिली लाश

**अमेठी, 19 अप्रैल (एजेंसी)।** प्रदेश के अमेठी में एक दूल्हा अपनी बारात से गायब हो गया और बाद में रेलगाड़ी के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। दूल्हा अपनी शादी से पहले ही गायब हो गया और परिजनों को गुमराह करता रहा। पुलिस ने शव बरामद कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। उत्तर प्रदेश के अमेठी से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां बारात लेकर जा रहे दूल्हे ने अचानक अपनी गाड़ी रोक गायब हो गया। काफी देर तक न आने पर परिजन उसकी तलाश करने लगे, लेकिन, दूल्हा परिजनों को फोन पर गुमराह करता रहा। कुछ देर बाद परिजनों को जानकारी मिली कि दूल्हे ने ट्रेन के आगे खड़े होकर कर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आत्महत्या की वजह क्या रही ये सामने नही आ पाया है। घटना गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के बनी रेलवे स्टेशन के पास की है। जानकारी के मुताबिक, बीती शाम रायबरेली जिले के सलोन थाना क्षेत्र स्थित सूची चौराहे से रवि कुमार पुत्र राम किशोर यादव उम्र 30 वर्ष की बारात मऊ जिले के घोसी जा रही थी। बारात गौरीगंज कस्बे के सैठा चौराहे के पास पहुंची, तभी दूल्हा गाड़ी से उतरकर फरार हो गया। काफी देर तक परिजन उसे फोन करते रहे, लेकिन दूल्हा उन्हें अलग-अलग जगह बताकर गुमराह करता रहा। बताया जाता है कि प्रतापगढ़ से लखनऊ की तरफ जा रही ट्रेन पर सवार होकर दूल्हा बनी रेलवे स्टेशन के पास पहुंचा। वह वहीं उतर गया। कुछ देर बाद प्रतापगढ़ से लखनऊ की तरफ जा रही मालगाड़ी के सामने वह खड़ा हो गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। लोको पायलट ने घटना कि जानकारी स्टेशन मास्टर को दी, जिसके बाद पॉइंट मैन चंदन कुमार द्वारा गौरीगंज रेलवे स्टेशन को दी गई। स्टेशन मास्टर संजय ने मेमो देते हुए गौरीगंज कोतवाली को घटना की जानकारी दी। रवि की शादी मऊ जिले के घोसी थाना क्षेत्र के नवापुर गांव की रहने वाली युवती से होने वाली थी। रेलवे स्टेशन अधीक्षक बाबू लाल मीना ने बताया कि ट्रेन के ड्राइवर द्वारा सूचना मिली थी कि एक युवक ने ट्रेन के समाने कूद कर आत्महत्या कर लिया है, जिसके बाद स्थानीय पुलिस और रेलवे पुलिस को सूचना दी गई। शव को पोस्मार्टम के लिए भेज दिया गया है और ट्रेन का आवागमन चालू किया गया।

## हिंदू नेता की हत्या पर भारत ने बांग्लादेश से कहा, बिना बहाना बनाए ज़िम्मेदारी पूरी करें

**नई दिल्ली, 19 अप्रैल (एजेंसी)।** बांग्लादेश के उत्तरी हिस्से में एक प्रमुख हिंदू नेता भाबेश चंद्र रॉय को अगवा कर, उनकी हत्या कर दी गई है। इस घटना के बाद भारत ने बांग्लादेश के सामने कड़ी नाराजगी जताई है। साथ ही भारत सरकार ने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पर आरोप लगाया है कि वो अपने अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर पा रही है। दिनाजपुर ज़िले के रहने वाले भाबेश को बुधवार को गांव के उनके घर से अगवा किया गया था। उन्हें घायल अवस्था में घर लाया गया। बाद में उनकी मौत हो गई। 58 साल के भाबेश चंद्र रॉय का घर बांग्लादेश की राजधानी ढाका से करीब 330 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित दिनाजपुर जिले के बसुदेवपुर गांव में है। कुछ लोगों ने कथित तौर पर उन्हें उनके घर से अगवा कर लिया था। बाद में वो गंभीर रूप से घायल अवस्था में पाए गए और अस्पताल पहुंचने से पहले उनकी मौत हो गई। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में पुलिस और परिवार के सदस्यों के हवाले से कहा गया है कि बुधवार की शाम लगभग साढ़े चार बजे भाबेश को एक फोन आया। माना जा रहा है कि जिन लोगों ने उन्हें फोन कॉल किया, उन्होंने ही बाद में उन पर हमला किया। डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, इस फोन कॉल के लगभग तीस मिनट बाद, दो मोटर साइकिलों पर सवार होकर चार लोग भाबेश के घर पहुंचे थे। इन्हीं लोगों ने कथित तौर पर भाबेश को अगवा किया और नरबारी नाम के एक गांव ले गए, जहां उनके साथ मारपीट की गई। परिवार के सदस्यों ने डेली स्टार को बताया कि भाबेश को बेहोशी की हालत में हमलावरों ने एक वैन में घर भेजा। उन्हें दिनाजपुर के एक अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।



## शातिर चोरों से पुलिस ने कार बरामद कर भेजा जेल

**भोपा, 19 अप्रैल (बु.)।** एक सप्ताह पूर्व भोपा स्थित बैंकट हॉल से चोरी हुई कार के चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्तों से चोरी की गई कार, घटना में प्रयुक्त एक वेगन आर, एक तमंचा दो कारतूस बरामद कर जेल भेज दिया। थाना भोपा प्रभारी निरीक्षक उमेश रोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि गत 14 अप्रैल को भोपा स्थित सूर्यवंशम बैंकट हॉल से एक ईको कार चोरी हो गई थी, जिसके बाद पुलिस वादी अब्दुल सलाम निवासी रूड़कली तालाब अली की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार की तलाश में जुटी हुई थी। शुक्रवार की रात्रि जौली चौकी प्रभारी राजदीप सिंह, है.कां. विकास कुमार, भूपेन्द्र सिंह, विक्रान्त, कां. प्रवीन कुमार, नवीन कुमार, मौ. अलीम ने मुखबिर की सूचना पर गांव नंगला बुजुर्ग नहर पटरी के पास से अभियुक्त दीपक निवासी विभीषा, थाना कांधला जिला शामली व विशेषपाल निवासी पावटी, थाना कैराना, जिला शामली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्तों से चोरी की गयी ईको कार व घटना में प्रयुक्त एक वेगन आर कार, एक तमंचा 315 बोर नाजायज मय 02 जिन्दा कारतूस, 315 बोर व एक अदद चाकू नाजायज बरामद कर लिया। पुलिस ने अभियुक्तों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।


## सम्मन वास्ते करार वाद उमर तनकीह तलब
### (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
### न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय सदर, मुजफ्फरनगर

वाद सं0 टी- 202409550113123 सन-2024

जावेद अख्तर पुत्र सलीम बेग निवासी मकान नं0 855/58 करीमनगर खालापार शहर मुजफ्फरनगर, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर। ..........वादी

बनाम

1- मौ0 इरफान राना 2- मौ0 फुरकान अली राना पुत्रगण महफूज अली राना निवासीगण मौहल्ला कूंगर पट्टी, ग्राम सूजडू, परगना तहसील व जिला मुजफ्फरनगर। 3- नूर मौहम्मद 4- नूर अहमद 5- रियाज मौहम्मद 6- आस मौहम्मद पुत्रगण इकरामूदीन निवासीगण ग्राम नरा परगना तहसील व जिला मुजफ्फरनगर। 8- मौ0 अहमद पुत्र शमशाद अली निवासी ग्राम संधावली परगना तहसील व जिला मुजफ्फरनगर। 9- मौ0 शिवली पुत्र फरीदुलहक 10-फरीदुलहक पुत्र अल्ला बन्दा निवासीगण ग्राम सूजडू परगना तहसील व जिला मुजफ्फरनगर। 11- ग्राम पंचायत ग्राम संधावली परगना व तहसील व जिला मुजफ्फरनगर द्वारा ग्राम प्रधान। ..........प्रतिवादीगण

वाद अन्तर्गत धारा 116 उ0प्र0रा0संहिता 2006
मौजा- संधावली

दरगाह वादी ने आपके नाम उक्त वाद नालिश बाबत तकसीम हेतु दायर कर रखा है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप तारीख 19/04/2025 को 10 बजे प्रात: में असालतन या मार्फत वकील जो मुकदमा हालात करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहत मुतालिका मुकदमा हालात करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहत मुतालिका मुकदमा को जवाब दे सके या जिसके साथ कोई सख्श हो जो कि जवाब ऐसे सवालात दे सके, हाजिर और जवाबदेही और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजि तमाम दस्तावेजी को जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो, पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजरी आपके मसमूह फैसला होगा। बस्ब मेरे दस्तखत और मोहर अदालत में आज बतारीख 24/04/2025 को जारी किया गया ।

सील
न्यायालय

(रीडर)
न्यायालय उप जिला मजिस्ट्रेट
सदर, मुजफ्फरनगर




संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## राहुल, पॉडकास्ट और नेशनल हेराल्ड

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पॉडकास्ट का वीडियो शेयर किया है। पॉडकास्ट के दौरान उन्होंने कहा कि राजनीति उनके लिए सत्ता या छवि बनाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह सच की तलाश है। उन्होंने अपने परिवार की विरासत और विचारधारा को भी विस्तार से समझाया। इस पॉडकास्ट से कांग्रेसियों में उत्साह है। इन दिनों राहुल गांधी, सोनिया गांधी नेशनल हेराल्ड केस को लेकर भी सुर्खियों में हैं, ऐसे में यह पॉडकास्ट इन सुर्खियों को हल्का फीका कर देगा, ऐसा कई कांग्रेसियों का मानना है, जबकि भाजपाइयों का कहना है कि अब कांग्रेस,भाजपा की नकल करने लगी है, कांग्रेसी प्रवक्ता भी चैनलों पर बैठ कर प्रधानमन्त्री के शब्दों के सहारे अपने कुतर्क पेश करने लगे हैं, इनके पास अपना कुछ नहीं है। यह पॉडकास्ट भी हाल ही में आए प्रधानमन्त्री के पॉडकास्ट की देखा देखी तैयार किया गया है। राहुल गांधी ने इस पॉडकास्ट में अपनी दादी के पिता जवाहरलाल नेहरू के बारे में बातें की, राहुल गांधी ने कहा कि भारत के पहले प्रधानमन्त्री जवाहरलाल नेहरू ने मुझे राजनीति नहीं, बल्कि डर का सामना करना और सच के साथ खड़े होना सिखाया। नेहरू ने हमें सिखाया कि कैसे अत्याचार का विरोध करना चाहिए और सच के साथ खड़ा रहना चाहिए। राहुल ने कहा कि 'सच की खोज' ही सबसे बड़ी विरासत है। यह सोच उनके पूरे परिवार में रही है। मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी, सभी ने राजनीति को एक सत्य की खोज के रूप में देखा, न कि केवल पद या लोकप्रियता पाने के रूप में। राहुल ने कहा ने कहा कि मेरी दादी इंदिरा गांधी खुद को सिर्फ एक राजनेता नहीं मानती थीं। वो बस अपना जीवन पूरी सच्चाई के साथ जीती थीं। मैं भी खुद को राजनेता नहीं मानता, मैं एक ऐसा इंसान हूं जो सच की तलाश में है। उन्होंने यह भी कहा कि नेहरू, इंदिरा और राजीव गांधी इस बात की परवाह नहीं करते थे कि लोग उनके बारे में क्या सोचेंगे। वे सिर्फ वही करते थे, जो उन्हें सही लगता था। वे इस बात से प्रेरित नहीं होते थे कि 20-30 साल बाद लोग क्या कहेंगे। राहुल गांधी ने यह भी माना कि आज के दौर में सच बोलना आसान नहीं है। उन्होंने कहा कि आज लोग सच नहीं सुनना चाहते। राजनीति में यह आसान है कि जो लोग सुनना चाहते हैं, वही बता दो, लेकिन मेरी आत्मा ऐसा करने की इजाजत नहीं देती। मैं झूठ नहीं बोल सकता, चाहे मुझे नुकसान ही क्यों न हो, उन्होंने महात्मा गांधी और नेहरू के विचारों की तुलना करते हुए कहा कि गांधी जी अपने अंदर झांकते थे और नेहरू जी दुनिया और भविष्य को समझना चाहते थे। दोनों में गहराई थी पर सोचने का तरीका अलग था। राहुल गांधी ने पूर्व सांसद और कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित के साथ बात करते हुए इस पॉडकास्ट में कहा आज भयंकर बेरोजगारी है, पूरा आर्थिक तंत्र विफल हो चुका है, देश में सद्भाव का अभाव है, यह सच्चाई है, इसे आपको स्वीकार करना पड़ेगा। राहुल गांधी का कहना था कि इस स्थिति से भारत के भविष्य को नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि गांधी, नेहरू, अंबेडकर, पटेल और बोस ने वास्तव में यही सिखाया कि डर से दोस्ती कैसे करें। राहुल गांधी ने कहा,महात्मा गांधी एक साम्राज्य के सामने खड़े हुए और उनके पास सच्चाई के अलावा कुछ नहीं था। उन्होंने कहा कि चाहे मैं बिल गेट्स से बात करूं या रामचेत मोची से, मैं उनसे समान जिज्ञासा के साथ मिलता हूं। राहुल गांधी ने जोर देकर कहा कि आज के भारत में, जहां सत्य असुविधाजनक है, मैंने सत्य को अपनी पसंद बना लिया है। मैं इसके लिए खड़ा रहूंगा, चाहे इसकी कोई भी कीमत हो। इन दिनों नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की कार्रवाई को लेकर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने हो गए हैं। ऐसे में यह पॉडकास्ट अलग ही कहानी कह रहा है। देश के कई नगरों में भाजपा और कांग्रेस एक दूसरे के विरोध में नारेबाजी और प्रदर्शन कर रहे हैं। रायपुर में भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने राजधानी सहित प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन कर सोनिया व राहुल गांधी का पुतला फूंका। ऐसे में यह पॉडकास्ट अलग ही कहानी कह रहा है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमन्त्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि करप्शन और कांग्रेस दोनों एक-दूसरे के पर्यायवाची हैं। उनके पास कहने को कुछ नहीं है इसलिए सड़क पर हंगामा कर रहे हैं। नेशनल हेराल्ड मामले में भी जिस तरह के संस्थागत घोटाले और धोखाधड़ी की गई है, उसका सच जनता के सामने आ चुका है। नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बार-बार नेशनल हेराल्ड का नाम लेकर सनसनी फैलाने की कोशिश करती है, लेकिन विफल रहती है।

उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड का नाम सुनते ही कांग्रेस पार्टी का पूरा इकोसिस्टम सनसनी से भर जाता है, वे पकड़े गए हैं। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने अखबार को अपने एटीएम के रूप में इस्तेमाल किया है। उन्होंने दावा किया कि गांधी परिवार ने अपनी जेब से एक पैसा भी निवेश किए बिना नेशनल हेराल्ड की 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति हासिल करने की कोशिश की। भाजपा ने भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे कांग्रेस नेताओं को चुनौती भी दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को मामलों के त्वरित और समयबद्ध निपटारे की मांग करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी-राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की चार्जशीट दाखिल करने की कार्रवाई के पीछे राजनीतिक मंशा होने की बात बेबुनियाद है। भाजपा सांसद ने कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री जनता के पैसे को साप्ताहिक समाचार-पत्र में विज्ञापन के रूप में खर्च करते हैं। उन्होंने दावा किया कि इस अखबार को बहुत कम पाठक पढ़ पाते हैं। राजनीति से प्रेरित कार्रवाई के आरोपों के संबंध में अनुराग ठाकुर ने कहा, अगर कांग्रेस नेताओं में हिम्मत है, तो उन्हें अदालत से जल्द सुनवाई की अपील करनी चाहिए। ठाकुर ने कहा कि भ्रष्टाचार के कांग्रेस मॉडल में चोर खूब शोर मचाते हैं। नेशनल हेराल्ड मामले ने कांग्रेस के पूरे तंत्र को स्तब्ध कर दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के सत्ता में आने से पहले निचली अदालतों ने मामले का संज्ञान लिया, लेकिन कार्रवाई रद्द कराने को लेकर गांधी परिवार कई बार कोर्ट में अपील कर चुका है और कोर्ट अपील को खारिज कर चुका है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'हकीकत' 'रिश्ता' 'घातक' 'झूट'

वो हकीकत को झूट कहते हैं, उनकी आँखों में झूट होता है।
सच से रिश्ता कोई नहीं रखते, उनकी बातों में झूट होता है।
अपने दल के लिए भी घातक हैं, बोझ हैं इस जमीं के वो नेता,
वेश भूषा भी झूट है, जिनकी और आहों में झूट होता है।

## झूठे मामले में जेल भिजवाने की धमकी

### - महिला ने अधिकारियों से लगाई गुहार



बुढ़ाना, 19 अप्रैल (बु.)। एक महिला ने अपने पुत्र को झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी देने के मामले में संबंधित अधिकारी को एक प्रार्थना-पत्र देकर पुत्र की सुरक्षा की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार सायरा पत्नी जलीश निवासी मौहल्ला खाकरोबान कांशीराम आवास योजना बुढ़ाना ने संबंधित अधिकारी को एक प्रार्थना-पत्र देते हुए बताया कि उसका पुत्र लकड़ी काटने के लिए कुल्हाड़ी लेकर जा रहा था, तो सरोज ने अपने पुत्र से उसके पुत्र की वीडियो बनवा ली और उसके लड़के के साथ सरोज व अन्य दर्जनों लड़कों ने मारपीट कर उसके पुत्र को धमकी दी कि अगर तूने हमारे खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही करने की कोशिश की, तो हमने पहले से ही तेरे विरुद्ध वीडियो बना रखी है, तुम्हें जेल में भिजवा देंगे, जिससे वह और उसका पुत्र काफी तंग व परेशान हैं, क्योंकि सरोज झगड़ालू किस्म की महिला है। सरोज का चरित्र भी अच्छा नहीं है, जो आसपास के लोगों को फंसाकर उनसे रुपये लेकर फैसला कर लेती है। इसी प्रकार से उससे भी उसने रुपए हड़पने का इरादा बना रखा है। उसने उससे भी 50 हजार रुपए की मांग की हुई है ना देने पर उसके पुत्र को जेल भिजवाने की धमकी दे रही है। पीड़िता सायरा ने आज संबंधित अधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है।

## विहिप कार्यकर्ताओं ने घेरी कलेक्ट्रेट, किया विरोध-प्रदर्शन



मुजफ्फरनगर, 19 अप्रैल (बु.)। वक्फ कानून के विरोध की आड़ में पश्चिम बंगाल में हिंसा करने के साथ ही वहां हिन्दुओं को प्रताड़ित किए जाने, हत्या, लूटपाट एवं महिलाओं के उत्पीड़न को लेकर देशभर में विरोध के स्वर मुखर हैं। शनिवार को विहिप ने कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम कार्यालय में अधीनस्थ अधिकारी को सौंपते हुए बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट में पहुंचे डीएम कार्यालय पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के विरुद्ध कड़ी नाराजगी व्यक्त की। शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत विश्व हिन्दू परिषद समेत अन्य हिंदू संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने स्थानीय आर्य समाज रोड पर स्थित आर्य समाज मंदिर में एकत्र हुए। वहां से जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए विहिप कार्यकर्ता डीएम कार्यालय पहुंचे। कलेक्ट्रेट परिसर में स्वामी यशवीर जी महाराज, विहिप जिलाध्यक्ष विरेन्द्र कुमार, सोहनवीर सिंह, वरुण चौधरी, रवि कुमार, ओमवीर चौहान, सुमित बजरंगी, राधेश्याम विश्वकर्मा, रेणुका जैमिनी व विहिप के अन्य पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की हिंसा की जांच एनआईए और दोषियों को अविलंब दंडित किया जाए। बंगाल की कानून व्यवस्था का संचालन केंद्रीय सुरक्षा बलों के हाथों में दिया जाए। इसके साथ बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर उनको निष्कासित किया जाए। उन्होंने बंगाल और बांग्लादेश की 450 किमी की सीमा पर तार लगाने का काम अविलंब प्रारंभ किए जाने की मांग राष्ट्रपति से की। इस दौरान मुख्य रूप से नरेन्द्र पंवार, नीरज शर्मा, सतेन्द्र सैनी, हरेन्द्र राणा, सचिन सिंघल समेत दर्जनों हिन्दु संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पार्किंग ठेकों की निविदा में देरी पर सभासद ने उठाए ईओ पर सवाल

### - मंडलायुक्त से शिकायत कर मामले की जांच कराने की मांग - आरोपः ईओ की मनमानी से लगा पालिका को 50 लाख का फटका

मुजफ्फरनगर, 19 अप्रैल (बु.)। नगरपालिका में अफसरों की अनदेखी के चलते राजस्व की बढ़ती हानि की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए सभासद राजीव शर्मा ने मंडलायुक्त समेत अन्य अधिकारियों से शिकायत की है। पालिका की आय के सबसे बड़े साधन पार्किंग के ठेके अभी तक नहीं होने को लेकर सभासद ने अधिशासी अधिकारी की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए पालिका को राजस्व हानि पहुंचाते हुए 50 लाख रुपये का फटका लगाने के आरोपों में शिकायत कर जांच कराने की मांग की है। नगरपालिका के वार्ड 25 के सभासद राजीव शर्मा ने सहारनपुर मंडलाध्यक्ष, डीएम और पालिका चेयरपर्सन को लिखे पत्र में उन्होंने बताया कि ईओ प्रज्ञा सिंह अपने पद का दुरूपयोग करते हुए एक मनमाने ढंग से व्यवस्था चलाने का काम कर रही हैं। मंडलायुक्त से शिकायत करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि ईओ डॉ. प्रज्ञा ने पार्किंग ठेकों की नीलामी की व्यवस्था को ही भंग कर दिया, जबकि इसी से पालिका को हर वर्ष ठेकों से बड़ी आय होती रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में ईओ ई-निविदा की व्यवस्था अपनी मनमानी से ला रही है, जबकि यह एक नीतिगत निर्णय है और बोर्ड की अनुमति इसके लिए जरुरी थी। सभासद ने आरोप लगाया कि पूर्व में ठेका चला रहे दो ठेकेदारों को जो ईओ के चहेते हैं, से पूरा पैसा भी जमा नहीं कराया और उन्हें इस वित्तीय वर्ष में भी ठेका जारी रखने के लिए अनुमति दे दी गई है, जबकि ठेका राशि में कोई भी वृद्धि नहीं की गई है। सभासद राजीव शर्मा ने कहा कि अभी तक सीधे तौर पर ठेका नीलामी न होने के कारण पालिका प्रशासन को 25 लाख रुपये की राजस्व हानि होने का अनुमान है और ईओ ने अपनी मनमर्जी की व्यवस्था के कारण पालिका को करीब 50 लाख रुपये का फटका लगा चुकी हैं। उनका कहना है कि कर विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के ठेकों की नीलामी को पत्रावली पटल से तैयार कराकर समय से ईओ के समक्ष स्वीकृति के लिए प्रस्तुत कर दी थी, लेकिन वो अभी तक पत्रावली को दबाये बैठी हैं और मार्च के लास्ट में इस टिप्पणी के साथ विभागीय पटल को लौटा दिया कि इस बार खुली बोली आधारित नीलामी नहीं होगी। निविदा कराई जायेगी। सभासद ने कहा कि ईओ ने पालिका में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के साथ राजस्व हानि जैसे गंभीर अपराध कर रही हैं। ऐसे में उन्होंने पार्किंग ठेकों की नीलामी नहीं कराने और इससे पालिका को हो रही क्षति की गंभीरता के साथ जांच कराने की मांग करते हुए इसमें पालिका को हो रही आर्थिक क्षति की प्रतिपूर्ति ईओ से व्यक्तिगत रूप से कराई जाये।

उधर पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने कहा कि उनके द्वारा पार्किंग ठेकों को लेकर कोई भी देरी नहीं की गई। इसके लिए कर निर्धारण अधिकारी को निर्देश दिये थे, ई-निविदा से नगरपालिका की आय बढ़ने की संभावना को देखते हुए ही इसका निर्णय लिया गया है। वार्ड सभासद ने जो आरोप लगाये हैं, वो बेबुनियाद हैं। उनको किसी ठेकेदार से कोई मतलब नहीं है।

## श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना में मानस्तंभ के स्थापना दिवस पर महामस्तकाभिषेक



मुजफ्फरनगर, 19 अप्रैल (बु.)। श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना में परम पूज्य आचार्य श्री 108 ज्ञान सागर जी महाराज की परम प्रभावक शिष्या कुमुद मति माताजी के पावन सानिध्य में मानस्तंभ स्थापना दिवस पर उसके अग्रभाग में विराजित श्री जिन प्रतिमाओं का मंगल महा मस्तकाभिषेक आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रातःकाल बेला में श्री जी का मंगल अभिषेक शांतिधारा,मंगल धर्म ध्वजारोहण मानस्तम्भ में विराजमान जिन प्रतिमाओं का चारों दिशाओं में मंगल अभिषेक भगवान पारस नाथ, मानस्तम्भ के जिन प्रतिमाओं की पूजन अर्चना की गई। इसके बाद भगवान की महाआरती की गयी। यह आयोजन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े भक्तिभाव से किया गया। इस कार्यक्रम में ध्वजारोहण नरेंद्र कुमार जैन, विपिन जैन, संजय जैन, राजीव जैन नावला वाले पारस टीएमटी और महा आरती महेंद्र जैन, प्रदीप जैन, पूनम जैन, प्रणव जैन, दीपांशु जैन द्वारा की गयी। कार्यक्रम में प्रश्न मंच एवं मान स्तंभ में समोशरण का ज्ञानवर्धन वीरेंद्र जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पारितोषिक वितरण अजय जैन, मनीषा जैन, वंदित जैन, पलक जैन, निमित जैन, आराध्या जैन ने किया। मान स्तम्भ की चारों दिशाओं एवं चारों प्रतिमाओं का मस्तकाभिषेक करने का सौभाग्य पूर्व दिशा राजीव जैन, डॉ. पंकज जैन, राजेश जैन व राकेश जैन, पश्चिम दिशा में पवन जैन, सचिन जैन, आशीष जैन, उत्तर दिशा में नरेंद्र कुमार जैन, विपिन जैन, अभिषेक जैन नावला वालों और दक्षिण दिशा में मनोज जैन एलजी वालों को प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में वात्सल्य भोजन सचिन जैन, अमित जैन, नितिन जैन पुत्र स्व. सुभाष चंद्र जैन की ओर से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रबंध कमेटी श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना के अध्यक्ष राजेश जैन गर्ग डुप्लेक्स, महामंत्री संजय जैन पारस टीएमटी, कोषाध्यक्ष मनोज जैन, सतीश जैन, प्रदीप जैन, रोहित जैन, विप्लव जैन, आशीष जैन, अभिनव जैन आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन रविंद्र जैन व पुनीत जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जैन बाल संस्कार चैनल का विशेष सहयोग रहा।

## एम.जी. पब्लिक स्कूल में तनाव प्रबंधन पर हुआ सेमिनार



मुजफ्फरनगर, 19 अप्रैल (बु.)। एम.जी. पब्लिक स्कूल में शिक्षक शिक्षिकाओं को अवसाद से मुक्त रखने और स्वस्थ जीवन के लिए मानसिक रूप से शक्तिशाली बनने के लिए प्रेरित किया गया। इसके लिए विद्यालय प्रांगण में तनाव प्रबंधन विषय को लेकर एक सेमिनार का आयोजन किया गया, इसमें विशेषज्ञ द्वारा तनाव से बचने और इसके प्रबंधन के लिए अनेक सुझाव देकर सभी का मार्गदर्शन किया। एम.जी. पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि विद्यालय में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को तनाव से बचाने और मानसिक रूप से मजबूती के लिए उनका मार्गदर्शन करने हेतु तनाव प्रबंधन सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से एप्रिसिटी हेवन की संस्थापक एवं विख्यात मनोवैज्ञानिक सेजल बंसल ने आंतरिक और बाहरी तनाव से निपटने के लिए सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि तनाव हमारे विचारों और हमारी वास्तविकता को अचानक ही प्रभावित करने लगता है, यह तनाव हमें किसी भी रूप से, किसी भी व्यक्ति से या किसी भी कार्य से मिल सकता है। हम अक्सर ही इस तनाव को अनदेखा करते हैं, जबकि हमें तनाव को पहचान कर उससे निपटने के लिए शारीरिक व्यायाम के साथ ही सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ प्रयास करने चाहिए। इसमें सबसे पहले उन्होंने मानसिक स्थिति पर नियंत्रण करना सिखाया, इसके साथ ही तनाव के स्तर को कम करने और मानसिक शक्ति पाने के लिए उन्होंने अनेक सुझाव और तकनीक बताई, जो मनोस्थिति को मजबूत बनाने में सहायक साबित होती हैं। उन्होंने अवसाद के दौरान अपने विचारों, भावनाओं पर नियंत्रण करने का तरीका भी बताया। उन्होंने बताया कि व्यवहार में अचानक बदलाव आये कि शरीर थकने लगे, तो समझो कि तनाव हमें घेरने लगा है, इससे पहले कि यह हावी हो जाये, इसको पराजित करने के लिए सकारात्मक चीजों को अपनाना शुरू कर देना चाहिए। सकारात्मक विचार ही इसका उपचार हैं। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने अपने संदेश में कहा कि शिक्षकों का पेशा अत्यधिक कार्य का दबाव, बेहतर प्रदर्शन और नित्य नये हो रहे बदलाव में शिक्षा की गुणवत्ता को बनाने से जुड़ा है, ऐसे में हम कहीं न कहीं किसी भी रूप में तनाव से ग्रस्त हो जाते हैं। शिक्षकों को कक्षाओं में बेहतर और सकारात्मक प्रदर्शन देने के लिए समय समय पर तनाव प्रबंधन जैसे सेमिनार कराने का उद्देश्य यही है कि हम उनको मानसिक रूप से स्वस्थ बना सकें। उन्होंने कार्यक्रम के अंत में मनोवैज्ञानिक सेजल बंसल को स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया। सेमिनार में विद्यालय परिवार और स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## किसान के खेत का पानी दबंगों ने रोका, दी तहरीर

भोपा, 19 अप्रैल (बु.)। किसान के खेत में नाली द्वारा जा रहे पानी को दबंग व्यक्तियों द्वारा पेड़ लगाकर रोकने से परेशान किसान ने समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। थाना ककरौली क्षेत्र के गांव चौरावाला निवासी शाहिद ने बताया कि वह अपनी खेतीहर जमीन से उपज पैदा कर बमुश्किल अपने परिवार की रोटी रोजी चलाता है। उसके पड़ोस में उसके सम्बंधित पूर्वजों की जमीन है, जिससे होकर जल निकासी नाली उसके खेतों में आती है, जिसे गांव के ही दबंग व्यक्तियों द्वारा जल निकासी में अतिक्रमण करके पोपुलर के पेड़ लगा दिये गये हैं, जिससे पीड़ित की जल निकासी नाली द्वारा नहीं हो पा रही है। पीड़ित किराए का पानी लेकर अपने खेत तक लाता है, लेकिन रास्ते में नाली में अवरोध होने के कारण उसे आधा ही पानी मिल पा रहा है। विरोध करने पर आरोपी उसे व उसके दिव्यांग पुत्र मुजाहिद को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इस सम्बंध में पूर्व में कई बार थाने पर भी प्रार्थना पत्र दिया गया है, किन्तु अभी तक कोई सुनवाई नहीं हो सकी है। पीड़ित ने जानसठ तहसील में समाधान दिवस पर प्रार्थना पत्र देकर नाली से अतिक्रमण हटवाकर अपने खेत तक पानी की सुचारू सप्लाई कराने की मांग की है।

## सीएमओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरसौली का औचक किया निरीक्षण

### -सीएमओ द्वारा हरसौली में टीकाकरण सत्र का भी निरीक्षण किया गया



मुजफ्फरनगर, 19 अप्रैल (बुस.)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया के द्वारा आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरसौली का औचक निरीक्षण किया गया, जहां पर उनके द्वारा स्वास्थ्य केंद्र का गहनता के साथ निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में औषधियों के रखरखाव, उपस्थिति पंजिका आदि का निरीक्षण किया तथा उपस्थित कर्मचारी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने हरसौली में टीकाकरण सत्र का निरीक्षण कर टीकाकरण कर रही एएनएम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सीएमओ के द्वारा वैक्सीन वायल की जांच तथा ड्यूलिस्ट की भी चैकिंग की गई।

## जेईईमैन में अचीवर्स एकेडमी ने बनाया नया कीर्तिमान





मुजफ्फरनगर, 19 अप्रैल (बु.)। विगत दिवस जारी हुए जेईईमैन के रिजल्ट में गांधी कॉलोनी स्थित अचीवर्स एकेडमी के छात्रों ने सफलता के नये कीर्तिमान बनाये हैं। सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। एकेडमी के डायरेक्टर सौरभ आर्य ने बताया कि एकेडमी से अवनि मित्तल ने 99.67 परसेनटाइल, गर्व तायल ने 99.11 परसेनटाइल, अभित मुखिजा ने 98.52 परसेनटाइल, आदित्य कुमार ने 97.61 परसेनटाइल, आन्या अग्रवाल ने 97.13 परसेनटाइल, खुशबू लाटियान 96.92 परसेनटाइल, सृष्टि पाल ने 96.62 परसेनटाइल, ध्रुव गोयल ने 96.39 परसेनटाइल, अवि त्यागी 95.27 परसेनटाइल, अभिमन्यु काकरान ने 94.92 परसेनटाइल अक्षरा मित्तल ने 94.53 परसेनटाइल व संयम बठला ने 93.51 परसेनटाइल प्राप्त किए। सौरभ आर्य ने बताया कि एकेडमी के 5 विद्यार्थियों ने गणित में 99 से ज्यादा परसेनटाइल तथा दो-दो विद्यार्थियों ने फिजिक्स एवं कैमेस्ट्री में 99 से ज्यादा परसेनटाइल प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। एकेडमी से लगभग 30 विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई कर लिया है। एकेडमी के अध्यापकों ने इन विद्यार्थियों व इनके माता-पिता को सम्मानित किया व इनको आने वाले पेपर के लिए मार्गदर्शन दिया।

## इंपल्स एकेडमी के छात्रों का जेईई मेंस में उत्कृष्ट प्रदर्शन



मुजफ्फरनगर, 19 अप्रैल (बु.)। गांधी कॉलोनी स्थित इंपल्स एकेडमी के डायरेक्टर ए.पी. मुदगल ने बताया कि संस्थान के छात्र रेयांश ने जेईई मेंस 2025 में 99.75 परसेंटाइल लाकर संस्थान और माता-पिता को गौरवान्वित किया है। रेयांश अपनी इस सफलता के लिए अपने गुरुजनों फिजिक्स के ए.पी. मुदगल केमिस्ट्री के खलील जी और मैथ्स के शिक्षक अमित पुंडीर का आभार व्यक्त किया है। संस्थान के ही अन्य छात्रों कुशाग्र (99.96), मुकुल जैन (98.97), प्रतीक (97.69), देव सैनी (96.59) परसेंटाइल लाकर जेईई मेंस सफलता प्राप्त की है। सभी सफल छात्रों का संस्थान पर स्वागत किया गया। सफल छात्रों का कहना है कि एकेडमी में जिले के प्रथम डिजिटल प्लेटफार्म स्मार्ट क्लासेस का सफलता में बहुत बड़ा योगदान रहा। साथ ही साथ उच्च स्तरीय अपडेटेड स्टडी मैटेरियल और सभी शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन से ही जेईई जैसी उच्च स्तरीय कठिन परीक्षा में भी सफलता मिली। सभी चयनित विद्यार्थियों का सपना आईआईटी से बीटेक करने का है। सभी शिक्षकों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## तहसील बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का गठन



खतौली,19 अप्रैल (बु.)। खतौली तहसील बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शपथग्रहण कराई गई। मिली जानकारी के अनुसार तहसील में आयोजित शपथग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि जिला जज अजय कुमार ने कहा कि बार वकील और बैंच न्यायाधीश के बीच में समन्वय का मतलब दोनों न्यायिक प्रणाली का एक साथ मिलकर कार्य करते हुए एक दूसरे के प्रति सम्मान और सहयोग बनाये रखना है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने वकीलों के मान-सम्मान के लिए आवश्यकता पड़ने पर अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष नवीन गौतम व कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार द्वारा प्रदीप कुमार को महासचिव पद व रामचन्द्र सैनी को उपाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई, जबकि उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने सावन कुमार को कोषाध्यक्ष पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके अतिरिक्त समारोह में एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा शपथग्रहण की गई। सरदार जितेन्द्र सिंह की अध्यक्षता व सचिन आर्य एडवोकेट के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में नवनिर्वाचित अध्यक्ष व महासचिव द्वारा सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए सबके सहयोग से अधिवक्ताओं के हित में कार्य करने का आश्वासन दिया गया।





## पोषण पखवाड़े में दी संतुलित भोजन एवं दिनचर्या की जानकारी

मुजफ्फरनगर, 19 अप्रैल (बु.)। पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई मंडी में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान वहां पर उपस्थित बालिकाओं व शिक्षिकाओं को संतुलित आहार -विहार व नियमित दिनचर्या के बारे में जानकारी दी। इसके साथ कुपोषण से होने वाली बीमारियों के लक्षण एवं उनसे बचाव के विषय में भी जानकारी दी गयी। शिविर में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. इसम पाल पाल के निर्देशन में डॉ. रिम्पल चौधरी चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पटेलनगर तथा डॉ. वरुण चौधरी चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय लच्छेडा ने अपना योगदान दिया। प्रशिक्षिका पूनम वर्मा ने इस दौरान बालिकाओं को योगाभ्यास एवं प्राणायाम कराया। शिविर में कुल लाभार्थी बालिकाओं की संख्या 11,00 रही। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की शारीरिक शिक्षा विषय की शिक्षिका सीमा सिंह ने विद्यालय में पधारी टीम का आभार व्यक्त किया।

## प्रेम-विवाह के नौ साल बाद गला दबाकर की पत्नी की हत्या, आरोपी पति गिरफ्तार



मेरठ, 19 अप्रैल (एजेंसी)। मेरठ के ब्रह्मपुरी के माधवनगर सेक्टर तीन में मोहित ने अपनी पत्नी सलोनी(32) की शुक्रवार देर रात गला दबाकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया। वहीं महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। माधवपुरम सेक्टर-3 निवासी मोहित ने 9 वर्ष पूर्व गाजियाबाद निवासी सलोनी से प्रेम-विवाह किया था। शादी के बाद दोनों के दो बेटी हुई। मोहित रिक्शा चलाने का काम करता है। पुलिस के अनुसार कई दिनों से दंपती में विवाद चल रहा था। शुक्रवार रात दोनों में झगड़ा हो गया, जिसके बाद दोनों कमरे में सोने के लिए चले गए। देर रात पति ने महिला का गला दबा दिया, जिस कारण महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस मौके से पति को हिरासत में लेकर थाने आ गई। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह का कहना है कि हत्या का मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। आरोपी को जेल भेजा जा रहा है।

आवश्यकता है
एक अनुभवी एवं कुशल
कार ड्राईवर की
सैलरी 20,000 /-
(अनुभव के अनुसार)
M: 6397578409

आवश्यकता है
लेडीज टीचर
की, जो English Medium की 9th Class की 2 बच्ची को All Subject Morning Hours में 4 घण्टे नई मण्डी में रेलवे स्टेशन के पास घर आकर पढ़ा सके।
M.9761653323

दुकान किराये हेतु
एक दुकान 11 x44 साईज की नई मण्डी, बिंदल बाजार मुजफ्फरनगर में किराये हेतु उपलब्ध है।
सम्पर्क करें-
M.9411483502

आवश्यकता है
दाँतों के अस्पताल हेतुः-
1. डेन्टल असिस्टेंट- (एक्सपर्ट डेन्टल कार्य में)
2. कम्पाउन्डर- डेन्टल कार्य हेतु
3. रिसेप्शनिस्ट- फीमेल
फ्रेशर भी अप्लाई कर सकते हैं।
वेतन (अनुभव अनुसार) कम से कम योग्यता 10 वीं पास
मिलने का समयः- प्रातः 11:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक
स्काई डेन्टल क्लीनिक
निकट चन्द्रा सिनेमा, पुरानी केनरा बैंक मार्किट, मुजफ्फरनगर
M. 9997892559, 9990885659

S.D. COLLEGE OF COMMERCE
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
BHOPA ROAD, MUZAFFARNAGAR
Invites Application
for APPOINTMENT OF FACULTY
M.Com. B.Com.
M.Sc.(Home Sc.) Food & Nutrition | B.Sc. Home Science | B.Sc. Micro Biology
B.A. (Economics, Geography, Sociology, Hindi, History, English, Political Science)
B.Sc. (Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany)
Eligibility & Salary :- As per University Norms
Interested candidates can mail their resume within 07 days of publishing of the advertisement to :
sdccmzn819@gmail.com
or Contact at- 9897690116

HAPPY HOME PUBLIC SCHOOL
Near Shanidham Mandir, Charthawal Road, Muzaffarnagar
VACANCIES
Well Qualified And Experienced Teachers Required
Mother Teachers for Pre- Primary Classes
All Subjects - I to V
Science, S.St., English, Maths - VI to X
Candidates can apply on
WhatsApp No. 7017951446

TEACHERS REQUIRED
TGT: HINDI, ENGLISH & COMPUTER
PGT: HINDI
How To Apply
Send Your Detailed CV/ Resume To
Mob. 7668905636
Email: rsdschoolmzn@gmail.com
R.S.D. PUBLIC SCHOOL
Roorkee Road, Muzaffarnagar

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से दर्दनाक मौत

**बुढ़ाना, 19 अप्रैल (बु.)।** फुगाना थाना क्षेत्र के मेरठ-करनाल हाइवे पर उस समय दर्दनाक हादसा हो गया, जब एक व्यक्ति सड़क पार कर रहा था। काफी देर रुककर जैसे ही वह सड़क पार करने के लिए आगे बढ़ा तो तेज गति से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना होते ही हाइवे पर जाते हुए लोग वहीं के वहीं थम गए। ऐसे में ट्रैक्टर चालक मौके से भाग जाने में सफल रहा। मृतक की पहचान 45 वर्षीय सनसबीर के रूप में हुई। मृतक को पुलिस मोर्चरी के लिए ले गयी। उक्त पूरा मामला सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। ट्रैक्टर चालक की पहचान कर पुलिस उक्त मामले में ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी के लिए जुट गयी।



# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो की मौत

▶ शुक्रवार की देर रात्रि दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर अलग-अलग स्थान पर हुई दो दुर्घटनाएं ▶ सास के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे दामाद की मौत हुई

**मीरापुर, 19 अप्रैल (बु.)।** मीरापुर कस्बे में शुक्रवार की देर रात्रि दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। एक दुर्घटना में मृत डॉ. राज अपनी सास के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहा था। दुर्घटना की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। मूलरूप से बिजनौर जनपद के गांव मंडावली निवासी डॉ. राज शर्मा पुत्र प्रभु दयाल (57) पिछले कई वर्षों से मीरापुर में रहकर प्राइवेट क्लीनिक चलाते थे। शुक्रवार की शाम उनकी सास का देहांत हो गया था, जिसके लिए रात करीब 9 बजे वह मीरापुर से बिजनौर जाने को घर से निकले थे तथा जैसे ही डॉ. राज दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर पीएनबी कैथोड़ा के निकट पैदल सड़क पार कर रहे थे, तभी एक अज्ञात कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुँची पुलिस ने उन्हें सीएचसी जानसठ भिजवाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। डॉ. राज की मौत से परिवार में कोहराम मच गया तथा परिजन रात्रि में ही सीएचसी जानसठ पहुँच गए, वहीं दूसरी तरफ देर रात्रि करीब 10 बजे जानसठ क्षेत्र के गांव तालड़ा निवासी सोहरन सिंह पुत्र नवाब सिंह (54) अपनी कार में सवार होकर बिजनौर से घर लौट रहे थे। बिजनौर रोड पर श्री शीतला माता मंदिर गेट के निकट सामने से तेज गति से आए एक टाटा मैजिक ने उनकी कार में सीधी टक्कर मार दी, जिससे सोहरन सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के परिजन को दुर्घटना की सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मीरापुर इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि शुक्रवार की देर रात्रि क्षेत्र में अलग-अलग दो दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें दो लोगों की मौत हो गई है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी किसी की भी तहरीर नहीं मिली है।



### मां और पति की एक ही दिन मौत होने से महिला का बुरा हाल

**मीरापुर, 19 अप्रैल (बु.)।** सड़क दुर्घटना में मृत डॉ. राज मूल रूप से बिजनौर जनपद के निवासी थे तथा उनकी ससुराल भी बिजनौर जनपद में ही थी शुक्रवार की शाम उनकी सास की बीमारी के चलते मौत हो गयी थी, जिसके चलते उनकी पत्नी व बच्चे बिजनौर चले गए थे तथा देर रात्रि वह भी अपनी सास के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बिजनौर जा रहे थे, किन्तु अचानक सड़क दुर्घटना में उनकी मौत हो गयी। डॉ. राज की पत्नी को पहले अपनी माँ और फिर पति की मौत की सूचना मिलने से उन पर कहर टूट पड़ा। एक ही दिन माँ और सुहाग (पति) के दुनिया से चले जाने पर महिला का रो-रोकर बुरा हाल है।

## चार बच्चों की मां प्रेमी संग फरार

▶ बच्चों को लेकर पीड़ित पति पहुंचा एसएसपी के पास
▶ पुलिस से पत्नी वापस दिलाने की लगाई गुहार

**मुजफ्फरनगर, 19 अप्रैल (बु.)।** थाना मंडी क्षेत्र में किराए पर रहने वाले मोटरसाइकिल मिस्त्री प्रवीण कुमार ने पुलिस से मदद की गुहार लगाते हुए अपनी बीवी को वापस दिलाने की मांग की है। पीड़ित पति प्रवीण ने बताया कि वो अपनी बीवी की बरामदगी के लिए नई मंडी थाने के चक्कर काट-काटकर थक चुका है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित प्रवीण ने बताया कि वो नईमंडी क्षेत्र में किराए पर रहता है और मोटर साइकिल मिस्त्री का काम करता है। पीड़ित प्रवीण ने आरोप लगाया है कि मकान मलिक का साला आजाद जो उसकी पत्नी पर बुरी नजर रखता था, जिसकी शिकायत मकान मलिक से प्रवीण ने उसकी पत्नी से भी की थी, लेकिन उन्होंने उल्टा उसे ही धमका दिया और उल्टा आजाद का ही पक्ष लिया, जिसके कारण विपिन वहां से मकान छोड़कर मंडी क्षेत्र के रामलीला मैदान के पास रहने लगे। 7 तारीख को 11 बजे प्रवीण अपने किसी काम से बाहर गया था, पत्नी और बच्चे घर में मौजूद थे। शाम को प्रवीण जब घर आया, तो पत्नी घर पर नहीं मिलने पर बच्चों से जब उसने पूछा, तो बच्चों ने बताया मकान मालिक का रिश्तेदार आजाद घर आया था और मां उसके साथ चली गई, जो अब तक नहीं लौटी है, वहीं प्रवीण ने पुलिस से गुहार लगाई है कि साहब मेरी बीवी मुझे वापस दिलाओ।

## गैंगस्टर में शाहनवाज राणा का रिमाण्ड स्वीकृत

**मुजफ्फरनगर,19 अप्रैल (बु.)।** 5 दिसम्बर से जीएसटी टीम पर हमले के मामले में बन्द पूर्व विधायक शाहनवाज राणा पर कुछ दिन पहले ही गैंगस्टर लगाई गई थी। गुरूवार के गैंगस्टर के मामले में उनका रिमाण्ड स्वीकृत हो गया है। थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा उनका रिमाण्ड बनवाने के लिए कोर्ट में अर्जी लगाई गई थी, जिसे स्वीकार करने के बाद अब पूर्व विधायक शाहनवाज की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी कराई गई है। थाना सिविल लाईन पुलिस ने शाहनवाज सहित उनके बेटे आजम राणा, साले कामरान राणा, जिया अब्बास जैदी व तौसीफ के खिलाफ गैंगस्टर की रिपोर्ट दर्ज की थी। आपको यह भी बता दें कि वर्तमान में शाहनवाज चित्रकूट जेल में बन्द हैं। पुलिस का बताना है कि उनका रिमाण्ड मिलने के साथ-साथ गैंगस्टर के मामले में फरार चल रहे शाह आजम, कामरान, जिया अब्बास जैदी व तौसीफ की भी पुलिस तलाश कर रही है।



## बीएसए कार्यालय में तैनात डीसी (जिला समन्वयक) संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**मुजफ्फरनगर,19 अप्रैल (बु.)।** शुक्रवार को बीएसए कार्यालय में जिला समन्वयक के पद पर तैनात विकास त्यागी एकाएक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों का बताना है कि विकास शुक्रवार की शाम यह कहकर निकला था कि उसे बीएसए साहब ने अपने आवास पर बुलाया है। विकास त्यागी इन्द्रा कॉलोनी का रहने वाला है, उसके भाई संजय त्यागी का बताना है कि शाम को उसके मोबाइल पर बीएसए संदीप कुमार का फोन आया तो था और उसे घर पर भी बुलाया गया था। वह अपनी पत्नी को भी यही कहकर घर से निकला कि वह देर शाम वापिस आ जाएगा, मगर जब देर शाम तक भी विकास घर वापिस नहीं लौटा तो पत्नी ने उसके मोबाइल पर कॉल किया तो उसका मोबाइल स्विच ऑफ आया। तलाश करने के बाद शनिवार सुबह तक विकास का कोई अता-पता नहीं चला। उक्त मामले में विकास के भाई संजय त्यागी की ओर से थाना सिविल लाईन में गुमशुदगी दर्ज करा दी गई है तथा पुलिस उसके मोबाइल का सीडीआर खंगाल रही है।

## भूस व्यापारी से लूट के मामले में पुलिस ने 100 सीसीटीवी फुटेज खंगाली

**मुजफ्फरनगर,19 अप्रैल (बु.)।** शुक्रवार को दिन निकलते ही भूस व्यापारी उज्ज्वल से 11 लाख की लूट के मामले में शनिवार को पुलिस की चार टीमों को खासी मशक्कत करनी पड़ी। आपको बता दें कि कल दिन निकलते ही भोपा रोड़ स्थित एक पेपर मिल के पास से फिल्मी स्टाइल में बदमाशों ने भूस व्यापारी उज्ज्वल से 11 लाख रूपये की लूट कर डाली थी। उक्त बदमाश बुलेट बाईक पर सवार थे और लूट करने के बाद दबंग अंदाज में हवाई फायरिंग करते हुए भाग गए थे। बदमाश शहर की ओर गए थे। ऐसे में पुलिस ने भोपा रोड़ स्थित पेपरमिल से लेकर शहर तक 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाल लिए। अभी कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालना बाकी है।

# कोई मेरे लापता भाई को ढूंढकर ला दो

**1** रोती बिलखती डीएम कार्यालय पहुंची बहन

**2** 9 अप्रैल से लापता है थाने के सामने जूतों की मरम्मत करने वाला अमित

**मुजफ्फरनगर, 19 अप्रैल (बु.)।** थाना पुरकाजी के खाईखेड़ी निवासी अमित पुत्र बृजपाल पिछले 10 दिनों से लापता है, जिसको ढूंढते-ढूंढते रोती बिलखती उसकी बहन स्वाति जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची। उसको रोता देख वहां मौजूद लोगों का दिल पसीज गया। मौके पर मौजूद हिन्दू संगठनों से जुड़े सुमित बजरंगी ने जब उससे परेशानी की वजह पूछी, तो स्वाति ने रोते रोते अपना दर्द बयान किया। स्वाति ने थाना पुरकाजी पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि जब वह थाने में गई, तो उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। उसके बाद पुरकाजी चेयरमैन के दबाव में मुकदमा दर्ज तो कर लिया गया, लेकिन उसके लापता भाई अमित को ढूंढने में पुलिस द्वारा उसकी कोई मदद नहीं की जा रही है। स्वाति ने बताया कि वो दलित समाज से है और उसके घर में कमाने वाला उसके भाई अमित के अलावा कोई और नहीं है।



### आखिर कहां गया थाने के सामने पुलिस के जूतों को मरम्मत करने वाला अमित

**मुजफ्फरनगर, 19 अप्रैल (बु.)।** पिछले 10 दिनों से लापता अमित को पुलिस अब तक खोज नहीं पाई, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी यह बड़ा सवाल खड़ा होता है कि पुलिस के जूतों की मरम्मत करने वाला अमित आखिर अचानक से कहां गायब हो गया और पुरकाजी पुलिस को सिफारिश के बाद आखिर क्यों लापता अमित की गुमशुदगी लिखनी पड़ी और अब लापता अमित की बहन स्वाति का पुलिस के द्वारा सहयोग नहीं करने का आरोप पुलिस को कटघरे में खड़ा करता है।

# दिल्ली में चार मंजिला इमारत ढहने से छह की मृत्यु, मुख्यमंत्री ने मृतकों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की, दोषियों पर होगी कार्रवाई

**नयी दिल्ली, 19 अप्रैल (वार्ता)** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक चार मंजिला इमारत ढहने के दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में मारे गये लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। श्रीमती गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा, ''मुस्तफ़ाबाद में इमारत गिरने की दर्दनाक घटना से मन अत्यंत व्यथित है। घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। राहत एवं बचाव कार्यों में दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) और अन्य एजेंसियां जुटी हुई। सभी घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था की गई है।''

इस बीच दिल्ली पुलिस ने बयान जारी कर मृतकों और घायल के बारे जानकारी दी है।



उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस के बयान के मुताबिक, ''19 अप्रैल 2025 को लगभग 3:02 बजे गली नंबर 1, शक्ति विहार में एक इमारत के ढहने की सूचना पुलिस स्टेशन दयालपुर को मिली। घटनास्थल पर पहुंचने पर पता चला कि तहसीन, पुत्र यासीन की चार मंजिला इमारत ढह गई थी, जिसमें कथित तौर पर 22 लोग फंसे हुए थे।'' बयान में आगे कहा गया है, ''एनडीआरएफ, डीएफएस और एम्बुलेंस सेवाओं को तुरंत बुलाया गया और बचाव अभियान शुरू किया गया। अब तक 14 लोगों को बचाया गया है और उन्हें जीटीबी अस्पताल ले जाया गया है, जहाँ उनमें से चार को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं।''उत्तर-पूर्वी जिला की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, मृतकों में चांदनी (23), रेशमा (38), दानिश (23) और नवेद (17) शामिल हैं। घायलों में 25 माह की चांद, चार माह का शान, दो माह की सान्या, 45 माह का शाहिद, 38 माह की रेहाना,19 माह की नेहा, 45 माह का अहमद, बीस माह के अल्फेज के अलावा 17 वर्षीय आलिया, 15 वर्षीय तनु और 58 वर्षीय जीनत शामिल हैं।

## करंट से भैंसे की मौत, युवक झुलसा

**बुढ़ाना, 19 अप्रैल (बु.)।** क्षतिग्रस्त खड़ंजे के फैले हुए गंदे पानी के चलते लोहे के एक खंभे में उतरे करंट से एक भैंसे की मौके पर ही तड़प-तड़पकर दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि बुग्गी को चला रहा युवक करंट लगने से मामूली रूप से झुलस गया। इस दौरान मौके पर आए कुरथल बिजलीघर के जेई को सैकड़ों ग्रामीणों ने जोरदार हंगामा करते हुए खरी खोटी सुनाकर बुढ़ाना कोतवाली में तहरीर देते हुए विद्युतकर्मियों की बड़ी लापरवाही बताई। क्षेत्र के गांव कुर्थल निवासी निशांत पुत्र मुकेश शनिवार की सुबह करीब 8 बजे भैंसा बुग्गी लेकर अपने खेतों में गोबर डालने जा रहा था, जब वह घर से बाहर गांव की गली में आया, तो पाया वहां का खड़ंजा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त है, जिसके चारों ओर गंदा पानी फैला है। वहीं एक विद्युत खंभा खड़ा है। जैसे ही भैंसे ने गंदे पानी में पैर रखा, तो पानी के कारण खंभे में उतरे करंट की वजह से भैंसा करंट की चपेट में आकर मौके पर ही दम तोड़ गया, जबकि बुग्गी में बैठे निशांत को करंट लगा, तो वह बुग्गी से उछलकर दूर जा गिरा। अगर वह पानी में गिरता तो कोई भी बड़ी घटना हो सकती थी। शोर सुनकर मौके पर आए लोगों को समझते देर नहीं लगी, तो उन्होंने फोन कर विद्युतकर्मियों से गांव की आपूर्ति बंद करवाई। उधर मौके पर आए कुर्थल बिजलीघर के जेई विकास को ग्रामीणों ने भला बुरा कहा। हंगामे की खबर पर बायवाला चौकी प्रभारी किशन पाल मौके पर आए और कोतवाल आनंद देव मिश्र को घटना की सूचना देकर ग्रामीणों को शांत किया। पीड़ित मुकेश ने पुलिस को तहरीर दी है।

## अलीगढ़ में दामाद बोला, बार-बार सास कहने की जरूरत नहीं, वो मेरी पत्नी है, सास बोली मोबाइल तोड़कर फेंक दूंगी तुम्हारा

**अलीगढ़, 19 अप्रैल (वार्ता)** अलीगढ़ में बेटी की शादी से नो दिन पहले फरार हुए सास और दामाद की पुलिस ने चार दिन तक काउंसलिंग की। काउंसलिंग के बद जो नतीजा सामने आया वह आप भी सुने। अपने से दो गुनी उम्र की सास के लिए दामाद राहुल कुछ भी सुनने को तैयार नहीं था। उसके सिर पर इश्क का भूत ऐसा सवार था कि जब मीडिया ने उससे सवाल किया कि आखिर तुम्हे सास से प्यार कैसे हुआ तो मीडिया को चुप करते हुए राहुल ने कहा कि बार-बार अनीता को मेरी सास कहने की जरूरत नहीं है, वह मेरी पत्नी है, चंद दिनों बाद हम दोनों शादी कर लेंगे तो तुम्हारी बोलती बंद हो जाएगी वहीं अनीता का जोश भी देखने लायक था। जब मीडिया ने लगतार अनीता की तरफ कैमरा किये हुए रखा तो कैमरा मैनों को धमकी देते हुए अनीता ने कहा कि ज्यादा फालतू बोलने की जरूरत नहीं है नहीं तो तुम्हारा कैमरा ही तोड़ दूंगी। अनीता से जब सवाल किया गया कि तुम्हारे पति ने तुम पर आरोप लगाया कि तुम घर से साढे तीन लाख नकद और चार लाख के जेवर लेकर भागी हो तो साढे तीन लाख रुपये उसके पति के पास कभी आए ही नहीं तो मैं ले कहां से आऊंगी। 200 रुपये जरूर में उस घर से लेकर आई हूं और मैं पिछ्ले कई सालों से उस घर में दुखी थी। मेरी भावनाएं अब आकर राहुल ने समझी हैं। वहां तो रोटी भी ढंग से खाने को नहीं थी। राहुल ने मुझे सारे सुख दिये हैं और मेरे विचार भी उससे मिलते हैं। ऐसे में मैं उसकी के साथ रहूंगी, जिसे जो करना है वो कर ले। काउंसलिंग के बाद पुलिस ने दोनों को आजाद कर दिया।





## व्यापारी नेता बोले स्मार्ट मीटर की जगह स्मार्ट लाइन पर ध्यान दे बिजली विभाग

**मुजफ्फरनगर, 19 अप्रैल (बु.)।** व्यापारियों की आवाज व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष एवं संयोजक संयुक्त मोर्चा शलभ गुप्ता ने शुक्रवार को आई आंधी के बाद आधी रात तक विद्युत व्यवस्था पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जब अभी से विद्युत विभाग का यह हाल है तो गर्मियों में न जाने कितने बहाने विभाग के पास होंगे। उन्होंने कहा कि मामूली सी बारिश और आंधी आते ही पांच घंटे से ज्यादा विद्युत व्यवस्था ठप्प रही। स्मार्ट मीटर बदलने और बिजली के बिल वसूली करने में जिस तरह से विभाग अपनी अहम भूमिका निभा रहा है उसी प्रकार विद्युत लाइन बदलने में भी ऐसी ही भूमिका निभाए। पिछले साल की भांति इस साल भी नगर की जनता गर्मी में चरमराई विद्युत व्यवस्था से बिलबिलाई तो लोग सड़कों पर उतर आएंगे।



## महाकुंभ बसाने वाले लल्लूजी के अस्थाई गोदाम में लगी आग

**प्रयागराज,19 अप्रैल (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में शास्त्री ब्रिज के बीच में काली सड़क पर स्थित कुंभ मेला बसाने वाले लल्लू जी टेंट हाउस के अस्थाई गोदाम में लगी भीषण आग पर कडी मशक्कत के बाद काबू पा लिया गया। पुलिस उपायुक्त (नगर) अभिषेक भारती ने बताया कि सुबह सात बजे सूचना मिली कि महाकुंभ बसाने वाले लल्लूजी के काली सड़क पर स्थित अस्थाई गोदाम में आग लग गई। सूचना के बाद मौके पर कई बड़े प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। गोदाम में रखे बडी संख्या में बांस-बल्लियां, टेंट के पर्दे, रजाई-गद्दे, कुर्सी-मेज और प्लाईवुड में आग लगी है। अग्निशमन अधिकारी आर के पांडे ने बताया कि मौके पर सिविल लाइंस, हंडिया, मेजा, कोरांव, नैनी, प्रतापगढ़, कौशांबी से 18 दमकल गाड़ियों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से छह घंटे में बाद काबू पा लिया गया। इसमें 14 दमकल गाड़यिां फायर सर्विस के थे जबकि चार सेना की दमकल गाड़ियां शामिल थी। आग की लपटें और धुआं दूर तक दिखायी पड रही थी।

शेष : चाट बाजार हटा तो पूरा शहर ....

कौशल,राजेन्द्र सैनी, मौ. सुलेमान, कमल आजाद, श्रीचंद प्रजापति, रेनू सैनी, रेखा सिंह, उत्तम देवी, प्रेमवती, अनिता सैनी, वंदना, संजीव वर्मा, अनिता सैनी, वंदना, संजीव वर्मा के अलावा भाकियू से बलराम सिंह, मौहम्मद अली, सुमित, फुरकान राव, भूरा चौधरी, हैप्पी बालियान, मौहब्बत अली, साहिल, अबरार, हेमेन्द्र चौधरी, फरदीन, उदय सिरोही, अंकुर राठी, जैद व नवाजिश आदि मौजूद रहे।

## बंदरों के हमले में घायल हुई ग्रामीण महिला

### बंदरों के बढ़ते आतंक से दुःखी हैं सभी ग्रामीण

**बुढ़ाना, 19 अप्रैल (बु.)। ब्लॉक क्षेत्र के गांव चंधेड़ी में शनिवार के दिन दर्जनों उत्पाती बंदरों ने एक महिला को काट खाया और अन्य दर्जनों ग्रामीणों को दौड़ा लिया। भगदड़ में 3 ग्रामीण भी चोटिल हो गये। बंदरों के बढ़ते आतंक से सभी ग्रामीण दुखी हैं।**

**मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना क्षेत्र के गांव चंधेड़ी में ग्रामीणों पर लगातार बंदरों के हमले हो रहे हैं, जिसको लेकर सभी ग्रामीण काफी परेशान हैं। बीते दिनों भी एक व्यक्ति उत्पाती बंदरों के हमले में घायल हुआ था, वहीं आज इसी गांव में महिला कमला पत्नी करताराम के घर में छत के रास्ते उत्पाती बंदर घुस आए और महिला कमला को नुकीले दांत मारकर घायल कर दिया। महिला के शोर-शराबे के चलते आसपास के काफी ग्रामीण घर के अंदर लाठी डंडे लेकर आए, तो सभी बंदर एक-एक करके छत के रास्ते फरार हो गये। घायल महिला को गंभीर हालत में ग्रामीणों ने किसी वाहन के जरिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के बाद महिला की हालत में कुछ सुधार था। ग्रामीणों का कहना है कि हमने कई बार स्थानीय प्रशासन से समय-समय पर शिकायत कर ली, लेकिन कोई भी अधिकारी उनको बंदरों के आतंक से निजात दिलाने वाला नहीं है। गांव में कोई बड़ी घटना होगी शायद तब ही प्रशासन की कुम्भकर्णी नींद खुलेगी।**



## वाहन के खाई में गिरने से सभी पांच लोगों की मौत

**चमोली/देहरादून, 19 अप्रैल (वार्ता)** उत्तराखंड के चमोली जनपद में शुक्रवार देर शाम बरात में शामिल होने जा रहे क्षेत्रीय लोगों का वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा जिससे वाहन पर सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गयी। शनिवार सुबह तक चले राहत और बचाव कार्य के दौरान, वाहन सवार सभी पांचों मृतकों के शव बरामद कर लिए गए। राज्य आपदा मोचन बल के सेनानायक (कमांडेंट) आईपीएस अर्पण यदुवंशी ने बताया कि कल चमोली जिले के निजमुला घाटी के पास एक वाहन संख्या यूके 11बी-3638 दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण रेस्क्यू टीम मांगी गई। इस पर, रेस्क्यू के लिए एसडीआरएफ निरीक्षक कर्ण सिंह के नेतृत्व में एक टीम आवश्यक उपकरणों के साथ तत्काल घटना स्थल गई। जिसने रोप द्वारा 300 मीटर नीचे गहरी खाई में उतरकर दुर्घटनाग्रस्त वाहन तक कल देर रात्रि वाहन से दो शव बरामद कर लिए। उन्होंने बताया कि ज्यादा अंधेरा होने के कारण रात रेस्क्यू कार्य रोकना पड़ा जो आज सुबह फिर शुरू हुआ। जिसमें तीन अन्य शव रोप से स्ट्रेचर द्वारा खाई से निकालकर मुख्य सड़क तक लाए गए। श्री यदुवंशी ने बताया कि उक्त वाहन में सवार पांच व्यक्ति एक शादी में सम्मिलित जा होने जा रहे थे। अचानक उक्त वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान सुरेंद्र भारती (46) पुत्र लालू राम भारती, सुरेंद्र लाल (53) पुत्र माधव लाल, जयदीप कुमार (25) पुत्र मोहनलाल, मोहन लाल (50) पुत्र सीताबू लाल, सभी निवासी ग्राम गोलीम, और महावीर लाल (50) पुत्र श्यामलाल, निवासी ग्राम उतरौं डिडोली, जनपद चमोली के रूप में हुई है।




## भाजपा सरकार में गरीबों की कोई सुध लेने वाला नहीं : राकेश टिकैत

**मुजफ्फरनगर, 19 अप्रैल (बु.)।** भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत ने कहा कि भाजपा की सरकार में गरीबों की कोई भी सुध लेने वाला नहीं है। भाजपा के नेता और जनप्रतिनिधि अफसरशाही के आगे पूरी तरह से बेबस हैं, लेकिन ये अधिकारी कान खोलकर सुन लें कि यह जिला जनता का है, अधिकारियों का नहीं, अधिकारियों को इनके पास आकर समाधान के लिए बात करनी ही होगी। उन्होंने कहा कि तीन दशकों से जहां पर दुकान और ठेला लगता आ रहा है, वहीं पर यह बाजार लगाया जायेगा। पालिका प्रशासन इन्हें रोजगार के अवसर से वंचित नहीं कर सकता, ऐसा किया गया तो किसान टाउनहाल को ही नहीं चलने देंगे, क्योंकि किसान और मजदूर भाकियू के लिए एक ही परिवार है और भाकियू के परिवार के हितों पर कुठाराघात किसी भी कीमत पर हम बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नगरपालिका चेयरमैन तो संवेदनशील हैं, अच्छे परिवार से हैं, वो गरीबों की इस समस्या को समझें, हम पालिका की चेयरमैन से गुजारिश करते हैं कि वो अधिकारियों के आगे नतमस्तक होने के बजाये अपने विवेक से जनता हितों को लेकर आगे आयें और इनके बीच में आकर इनको आश्वस्त करें कि इनके रोजी का साधन नहीं छीना जायेगा। वो एक जनप्रतिनिधि हैं। अफसरों के हाथों की कठपुतली बनकर काम नहीं करना चाहिए। भाजपा में अफसरशाही हावी हो रही है, लेकिन जनता के साथ हम खड़े हैं। ये लोग मेहनत कर अपना कारोबार चला रहे हैं और यहां से पालिका को सबसे बड़ा राजस्व मिल रहा है। ऐसे में नगर पालिका प्रशासन इन गरीब लोगों को अनदेखा नहीं कर सकता।

# कभी शहीद भगत सिंह को इस धर्मशाला में मिला था फांसी का प्रमाण-पत्र

**1** जहां से मिला भगत सिंह रोड को नाम, विवादों में फंसी वो धरोहर

**2** लाला दीपचंद धर्मशाला, फर्जीवाडे के खिलाफ धरने पर बैठे ट्रस्ट के बुजुर्ग सदस्य

**मुजफ्फरनगर, 19 अप्रैल (बु.)।** शहर के सबसे व्यस्ततम बाजार भगत सिंह रोड पर शहीद भगत सिंह से जुड़ी एक तस्वीर से उस समय पर्दा उठा, जब कलेक्ट्रेट में सांकेतिक धरना देने कुछ बुजुर्ग हाथों में दस्तावेज लेकर पहुंचे और मामला एक बड़े घोटाले से जुड़ा निकला। मामला सदियों पुरानी लाला दीपचंद धर्मशाला से जुड़ा है, जहां का इतिहास शहीद भगत सिंह की फांसी से जुड़ा है। इतिहास के पन्नों में दर्ज 23 मार्च 1931 वो तारीख है, जिस दिन शहीद भगत सिंह को फांसी दी गई थी, जिसका प्रमाण-पत्र ब्रिटिश काल में तत्कालीन न्यायधीश द्वारा इस समय की धर्मशाला के रूप में मौजूद इमारत पाया गया था फिलहाल इस जगह पर पिछले कई महीनों से विवाद चल रहा है। धरने पर बैठे बुजुर्ग कँवरपाल ने दावा किया है कि वो लाला दीपचंद प्राइवेट चेरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य हैं और इस चेरिटेबल ट्रस्ट की जमीन को बेचा नहीं जा सकता। उसके बावजूद भी कथित तौर पर धर्मशाला में देखरेख करने वाले व्यक्ति अरुण शर्मा के द्वारा इसको बेच दिया गया, जिसके बाद अब इस मामले में नया विवाद खड़ा हो गया है। लाला दीपचंद प्राइवेट चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों ने चौकीदार अरुण शर्मा पर करीब साढ़े 12 करोड़ रुपये में इस ऐतिहासिक धरोहर को बेचा और महज 97 लाख रुपये में स्टांप ड्यूटी लगा कर बेचने का संगीन आरोप लगाया। इस मामले को लेकर ट्रस्ट के सदस्य जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और एक बजे तक के सांकेतिक धरने पर बैठ गए, जिसमें उन्होंने मामले की जांच कराए जाने की मांग उठाई।



## ये है पूरा मामला

**मुजफ्फरनगर, 19 अप्रैल (बु.)।** इस ऐतिहासिक धर्मशाला के इतिहास को दर्शाने वाला एक पत्थर अब अपनी जगह से गायब हो चुका है। ट्रस्ट से जुड़े सदस्यों का आरोप है कि अब उस पत्थर को नष्ट कर दिया गया है। धरने पर बैठे ट्रस्ट के सदस्यों का आरोप है कि धर्मशाला की देखरेख करने वाले अरुण शर्मा ने जालसाजी के जरिए इस करोड़ों रुपये कीमत की धर्मशाला को गाजियाबाद के रहने वाले नरेंद्र कुमार को बेच दिया। ट्रस्ट के सदस्य कंवरपाल, सीताराम और आदेश कुमार ने जिला कलेक्ट्रेट में धरना देते हुए डीएम के नाम एक प्रार्थना-पत्र एसडीएम को सौंपा, जिसमें इस बिक्री को फर्जी और गैरकानूनी करार देने की मांग की गई। ट्रस्ट से जुड़े सदस्यों ने प्रशासन से मांग की है कि धर्मशाला की मौके पर जांच कराई जाए और तकनीकी टीम द्वारा इसकी कीमत का आंकलन किया जाए। उन्होंने मांग की कि फर्जी बैनामे को तत्काल निरस्त किया जाए, लेन-देन की गई राशि को जब्त किया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो। इसके अलावा, उन्होंने धर्मशाला पर यथास्थिति बनाए रखने की भी अपील की गई है। ट्रस्ट के सदस्यों का कहना है कि यह धर्मशाला न केवल एक सामाजिक और धार्मिक स्थल है, बल्कि देश की स्वतंत्रता संग्राम की एक अमूल्य धरोहर भी है। इसे बेचना न केवल आर्थिक अपराध है, बल्कि ऐतिहासिक विरासत के साथ खिलवाड़ भी है।

## दो महिलाओं से 3 बदमाशों ने लूटे सोने के 4 कुंडल और एक तबीजी

**बुढ़ाना, 19 अप्रैल (बु.)।** बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेड़ी के नहर मार्ग पर समीपवर्ती शाहपुर थाना क्षेत्र के कसेरवा गांव की 2 महिलाएं शबनम पत्नी मौहम्मद नदीम और आसिफा पत्नी मौहम्मद अहमद शनिवार की सुबह लगभग छह बजे अपने ही गांव की अन्य महिलाओं के साथ रोजाना की भांति मार्निंग वॉक कर रही थी, जब वे अपने गांव कसेरवा से बुढ़ाना कोतवाली की सीमा में गांव रसूलपुर दभेड़ी की नहर मार्ग पर आई, तो एक बाइक पर सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने मौका पाकर दोनों को घेर लिया और इससे पहले वे कुछ समझ पाती, तब तक वे आसिफा के एक कान के कुंडल झटक चुके थे, जिसमें आसिफा की दर्द के मारे चीख निकल गयी, तो बदमाशों ने उनकी कनपटी पर तमंचा अड़ा दिया और चुप रहने को कहकर कानों के कुंडल व तबीजी चुपचाप निकालने को कहा, जिस पर दोनों ने अन्य तीनों कुंडल और एक सोने की तबीजी को अपने कब्जे में कर गांव रसूलपुर दभेड़ी की और दौड़ लगा दी। बदमाशों के जाने के बाद महिलाओं ने शोर मचाया, तो मौके पर अन्य महिलाएं आ गयी। महिलाओं ने डायल नंबर 112 पर कॉल कर मौके पर पुलिस को बुला लिया और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने घायल महिला को सीएचसी भिजवाकर घटना की सूचना उच्च अधिकारियों को दी, तो मौके पर बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह, कोतवाल आनंद देव मिश्र, महिला थाना बुढ़ाना प्रभारी सुमन शर्मा, क्राइम इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह, एसएसआई ललित शर्मा, उमरपुर चौकी इंचार्ज सुरेंद्र राव और शाहपुर थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे। पुलिस बल ने बदमाशों की तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। घटना को लेकर महिलाओं में दहशत है। उधर सीओ गजेंद्र पाल ने घटनास्थल पर पहुंचकर बुढ़ाना पुलिस को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



GRAIN CHAMBER PUBLIC SCHOOL
Estd. 1985
40 Years of Excellence
(Affiliated to C.B.S.E., Affiliation No. 2130110)
ADMISSIONS OPEN 2025-26
In Classes IX & XI (Commerce, Medical & Non-Medical Streams)
(Few Seats are available in Classes Play to VIII)
★ SALIENT FEATURES ★
❖ Dedicated, trained and experienced staff.
❖ Transportation Facility on main routes.
❖ Air-Conditioned Class Rooms upto class UKG
❖ Swimming Pool for Kids.
❖ Sibling Concession.
❖ Well Equipped Labs & Library
Prospectus are available in the school office between 7:30 a.m. and 2:30 p.m.
Jr. Wing : New Mandi, Muzaffarnagar, Ph. 8899102141
Sr. Wing : Near Naveen Mandi Sthal, Muzaffarnagar, Ph. 8899402549
We are looking for enthusiastic teachers who are committed to excellence and ready to work in a dynamic environment for all subjects. Candidates may apply up to 25th April, 2025.